[न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे] मुंबई, शनिवार, 14 मार्च 2026 । मूल्य 0.00, कुल पृष्ठ 6 [वर्ष: 12, डिजिटल अंक: 178, प्रधान संपादक : पवन जैन पदमावत] +91-9594542679 www.padmavatmedia.in padmavatmedia@gmail.com

दैनिक हिन्दी राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

PADMAVAT MEDIA न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे

Reg. No. MH180326353

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

**अनमोल वचन**

वृक्ष अपने सिर पर गरमी सहता है पर अपनी छाया में दूसरों का ताप दूर करता है।

- तुलसीदास

सीबीआई ने अनिल अंबानी के ... 02

03 पंचायत समिति सलूंबर सभागार ....

## खबर संक्षेप

### प्रथम पेंशन अदालत 27 अप्रैल को

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** राजकीय सेवाओं से सेवानिवृत्त/सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों / कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण प्रस्तुत करने में आ रही समस्याओं एवं शिकायतों के निस्तारण के लिए पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग, जयपुर के निदेर्शानुसार उदयपुर संभाग स्तर पर प्रथम पेंशन अदालत 27 अप्रैल 2026 को अतिरिक्त निदेशक, पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग (क्षेत्रीय कार्यालय, उदयपुर) द्वारा किया जाएगा। कोषाधिकारी, उदयपुर डॉ प्रीति वर्मा ने बताया कि मुख्य सचिव महोदय के निदेर्शानुसार यह प्रथम पेंशन अदालत मुख्य रूप से सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पारिवारिक पेंशनर्स ( विधवा/ तलाकशुदा / अविवाहित पुत्री / दिव्यांग व्यक्तियों ) के समस्याओ के समाधान हेतु आयोजित की जाएगी। पेंशन प्रकरणों की अधिकता को देखते हुए विशेष रूप से शिक्षा विभाग के प्रकरणों को प्राथमिकता दी जाएगी । परिवेदना आवेदन प्रपत्र में सम्बंधित कोष / उपकोष कार्यालय उदयपुर, संयुक्त निदेशक, प्रारंभिक / माध्यमिक कार्यालय उदयपुर में व्यक्तिशरू, डाक अथवा कोष कार्यालय, उदयपुर (ग्रामीण) के ई-मेल आइडी टीओरूरल.युडीए.आरजे एड एनआईसी.इन पर 25 मार्च तक प्रस्तुत किया जा सकते हैं। पेंशन अदालत में पेंशन प्रकरणों की सुनवाई संभाग स्तरीय समिति द्वारा की जाएगी जिसमें संबंधित विभागों के अधिकारी सम्मिलित रहेंगे ।

### एकलव्य आवासीय विद्यालयों की प्रवेश परीक्षा 15 को

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** राज्य में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के कक्षा 7, 8 एवं 9 सत्र 2026-27 में रिक्त सीटों पर आवेदन-पत्र आमंत्रित किये गये थे इस हेतु प्रवेश परीक्षा दिनांक 15. 03. 2028 रविवार दोपहर 01 बजे से 03 बजे के मध्य प्रत्येक एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पर आयोजित होने जा रही है। समस्त तैयारिया पूर्ण कर ली गई है। अतिरिक्त आयुक्त द्वितीय एवं ईएमआरएस सदस्य सचिव अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि परीक्षा आवेदन में प्रथम वरीयता एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में आयोजित होगी। अतः समस्त आवेदकों को अपने आवेदन पत्र एवं फोटोयुक्त पहचान पत्र के साथ 15 मार्च को निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर सुबह 11:30 पर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। आवेदन-पत्र (यही प्रवेश पत्र है) विभाग की वेब साईट से डाउनलोड किया जा सकता है।

### राज्य स्तरीय युवा प्रतिभा पुरस्कार प्रतियोगिता आज

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर द्वारा राज्य स्तरीय युवा प्रतिभा पुरस्कार प्रतियोगिता शनिवार को शिल्पग्राम के दर्पण सभागार में आयोजित की जाएगी। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने राज्य स्तरीय युवा प्रतिभा पुरस्कार प्रतियोगिता के बारे में बताया कि 18 से 30 वर्ष की मध्य की आयु वाले युवाओं की विभिन्न प्रतिभाएं यथा लोक गायन, लोक नृत्य, लोक वाद्य वादन तथा लोकनाट्य को एक राज्य स्तरीय मंच देने एवं उनकी कलाओं को प्रोत्साहित करने एवं राज्य/देश स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में इस वर्ष की प्रतियोगिता 14 मार्च 2026 शनिवार को शिल्पग्राम उदयपुर में सुबह 10 बजे से आयोजित की जायेगी।

### प्रोटोकॉल एवं लाईजनिंग अधिकारी नियुक्त

**डूंगरपुर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान धरोहर प्राधिकरण जयपुर के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत का 14 मार्च से 16 मार्च तक जिले (बेणेश्वर धाम डूंगरपुर) में यात्रा कार्यक्रम प्रस्तावित है। अतिरिक्त जिला कलक्टर दिनेश चन्द्र धाकड़ ने बताया कि 14 मार्च को 12.30 बजे बेणेश्वर धाम डूंगरपुर में हो रहें विकास कार्यो के निरीक्षण पश्चात रात्रि विश्राम, 15 मार्च 2026 को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की पूर्व तैयारियों का निरीक्षण एवं रात्रि विश्राम, 16 मार्च को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में भाग लेंगे एवं दोपहर 03 बजे बेणेश्वर धाम डूंगरपुर से जयपुर रवाना होंगे। उन्होंने बताया कि इसहेतु तहसीलदार आसपुर एवं तहसीलदार साबला अपने अपने क्षेत्र में अध्यक्ष के आगमन से प्रस्थान तक प्रोटोकॉल एवं लाईजनिंग अधिकारी का कार्य सम्पादित करेंगे।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशभर के पत्रकारों से किया संवाद, कहा

# पत्रकार लोकतंत्र का मजबूत चौथा स्तंभ

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com









**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ हैं और वे जनता तथा सरकार के बीच संवाद का मजबूत सेतु का कार्य करते हैं। समाज को पत्रकारों पर भरोसा होता है क्योंकि वे जनहित के मुद्दों को सामने लाकर लोगों को जागरूक करने का महत्वपूर्ण दायित्व निभाते हैं। उन्होंने कहा कि जब मीडिया निष्पक्षता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करता है तो लोकतंत्र और अधिक सशक्त बनता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा और उनके हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेशभर से आए पत्रकारों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पत्रकार प्रतिकूल परिस्थितियों में भी मेहनत और समर्पण के साथ लगातार कार्य करते हैं तथा जनहित से जुड़ी खबरों को समाज तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण दायित्व निभाते हैं। सूचना और तकनीक के इस दौर में पत्रकारों की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है क्योंकि वे समाज को सही और विश्वसनीय जानकारी उपलब्ध कराते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने इस वर्ष के बजट में पत्रकारों के कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार पत्रकारों की समस्याओं के समाधान और उनके हितों की सुरक्षा के लिए लगातार कार्य कर रही है।

संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विकसित राजस्थान 2047 के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में योजनाबद्ध तरीके से विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है। ग्राम पंचायतों से लेकर नगर निकायों तक समग्र विकास के लिए रोडमैप तैयार किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में पानी की समस्या के समाधान के लिए रामजल सेतु लिंक परियोजना, देवास परियोजना, यमुना जल समझौता, इंदिरा गांधी नहर परियोजना, गंगनहर तथा माही परियोजना सहित कई योजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। साथ ही प्रदेश में बिजली तंत्र को मजबूत करने के लिए भी व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं। वर्तमान में प्रदेश के 22 जिलों में दिन में बिजली दी जा रही है और वर्ष 2027 तक सभी जिलों में दिन के समय बिजली उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। राज्य सरकार 4 लाख सरकारी और 6 लाख निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि अब तक 1 लाख 25 हजार नियुक्तियां दी जा चुकी हैं, जबकि 1 लाख 33 हजार भर्तियां प्रक्रियाधीन हैं तथा 1 लाख से अधिक पदों के लिए भर्ती कैलेंडर जारी किया जा चुका है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए पत्रकारों से व्यक्तिगत रूप से संवाद किया और उनके सुझावों को भी सुना। उन्होंने पत्रकारों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर पत्रकारों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल पत्रकारों के प्रति सरकार की संवेदनशीलता और सम्मान को दशार्ती है। पत्रकारों ने बजट में राजस्थान वरिष्ठ अधिस्वीकृत पत्रकार सम्मान योजना के अंतर्गत दी जाने वाली सम्मान राशि को 15 हजार रुपये से बढ़ाकर 18 हजार रुपये प्रतिमाह करने तथा राजस्थान आवासन मंडल के माध्यम से जयपुर में पत्रकारों के लिए आवासीय योजना लाने की घोषणा सहित अन्य पत्रकार कल्याणकारी निर्णयों के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में प्रदेशभर के विभिन्न पत्रकार संगठनों के प्रतिनिधि, प्रेस क्लब के पदाधिकारी तथा वरिष्ठ पत्रकार बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# 100 साल पुराना बनास नदी का पुल जर्जर, नाथद्वारा की ऐतिहासिक धरोहर पर मंडरा रहा हादसे का खतरा

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**नाथद्वारा।** नाथद्वारा नगर की जीवनरेखा मानी जाने वाली बनास नदी पर स्थित लगभग 100 वर्ष से अधिक पुराना पुल आज अपनी जर्जर स्थिति के कारण अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। नगर की धरोहर और विरासत के रूप में पहचाना जाने वाला यह पुल मुक्तिधाम क्षेत्र के पास स्थित है और शहर से आसपास के कई गांवों को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है।

स्थानीय लोगों के अनुसार इस पुल से प्रतिदिन भारी वाहनों, स्कूल बसों, ट्रैक्टरों सहित बड़ी संख्या में वाहन गुजरते हैं, जिसके कारण कई बार यहां लंबा जाम भी लग जाता है। लगातार बढ़ते दबाव और वर्षों से उचित मरम्मत नहीं होने के कारण पुल की हालत अब बेहद खराब हो चुकी है। पुल के कई हिस्सों में दरारें पड़ चुकी हैं और कई स्थानों पर संरचना क्षतिग्रस्त नजर आती है, जो किसी बड़े हादसे की आशंका को बढ़ा रही है।

नगर के समाजसेवी संगठनों, जागरूक नागरिकों और स्थानीय निवासियों द्वारा समय-समय पर पुल की जर्जर स्थिति को लेकर प्रशासन को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिलता रहा है। लोगों का कहना है कि अधिकारियों द्वारा औपचारिकता निभाते हुए निरीक्षण तो किया जाता है, लेकिन पुल के नवीनीकरण या मरम्मत को लेकर ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है।

वहीं दूसरी ओर विभिन्न राजनीतिक दलों ने चुनाव के दौरान यमुना विकास योजना और पुल के नवनिर्माण का मुद्दा अपने वादों में शामिल तो किया, लेकिन चुनाव के बाद इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई। इससे स्थानीय लोगों में निराशा और चिंता का माहौल बना हुआ है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि पुल में जगह-जगह पड़ी दरारें और कमजोर होती संरचना साफ तौर पर खतरे का संकेत दे रही है। यदि समय रहते इसकी मरम्मत या नए पुल के निर्माण की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा होने से इनकार नहीं किया जा सकता।

नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस ऐतिहासिक पुल की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द आवश्यक मरम्मत या नए पुल के निर्माण की योजना लागू की जाए, ताकि आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और शहर की इस महत्वपूर्ण धरोहर को सुरक्षित रखा जा सके।

## पुलिस थाना कोटडा की बड़ी कार्यवाही

# ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत 05.100 किलोग्राम अवैध गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com




**उदयपुर।** जिले में पुलिस थाना कोटडा ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उदयपुर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशन में महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज गौरव श्रीवास्तव द्वारा चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण गोपाल स्वरूप मेवाड़ा एवं वृताधिकारी कोटडा ढुंगरसिंह चुंडावत के सुपरविजन में कोटडा थानाधिकारी राजेश कुमार मीणा के नेतृत्व में गठित टीम ने एएनटीएफ के सहयोग से दिनांक 12 मार्च 2026 को अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान आरोपी शाहिद उर्फ सईद मोहम्मद पुत्र रफीक मोहम्मद उम्र 42 वर्ष निवासी शीतला माता मंदिर कोटडा जिला उदयपुर के कब्जे से 05.100 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। मामले में प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान जारी है। गिरफ्तार आरोपीः शाहिद उर्फ सईद मोहम्मद पुत्र रफीक मोहम्मद निवासी शीतला माता मंदिर कोटडा जिला उदयपुर।

## महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र द्वारा जागरूकता कार्यक्रम

# महिलाओं को कानूनी अधिकारों और सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**उदयपुर।** महिला अधिकारिता विभाग के अंतर्गत जतन संस्थान द्वारा संचालित महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र, पुलिस थाना नाई की ओर से ग्राम नाई कस्बे में महिलाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं को एकत्रित कर उन्हें महिला सुरक्षा, कानूनी अधिकारों तथा सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान विधिक परामर्शदाता अनिता कुम्हार ने उपस्थित महिलाओं को महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र की कार्यप्रणाली और सेवाओं के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र में पारिवारिक विवादों के मामलों में परामर्श, समझाइश, रिपोर्ट तैयार करना, एफआईआर दर्ज करवाने में सहयोग तथा संपूर्ण कानूनी प्रक्रिया में मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि केंद्र द्वारा दी जाने वाली सभी सेवाएं पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध हैं। कार्यक्रम में महिलाओं को सखी वन स्टॉप सेंटर की सेवाओं की भी जानकारी दी गई, जहां हिंसा से पीड़ित महिलाओं को त्वरित सहायता, परामर्श और संरक्षण उपलब्ध कराया जाता है। इसके साथ ही शिक्षा सेतु योजना, निःशुल्क कंप्यूटर शिक्षा योजना तथा बाल विवाह रोकथाम से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां भी साझा की गईं। अनिता कुम्हार ने महिलाओं को घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम तथा पॉक्सो एक्ट के प्रावधानों के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए बनाए गए इन कानूनों की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है, ताकि किसी भी प्रकार की हिंसा या उत्पीड़न की स्थिति में समय पर उचित कार्रवाई की जा सके। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को यह भी बताया गया कि यदि किसी महिला के साथ हिंसा, उत्पीड़न या अन्य किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है, तो वह स्वयं या पीड़ित महिला महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र अथवा संबंधित पुलिस थाने में संपर्क कर सकती है, जहां उसे निशुल्क सहायता और उचित कानूनी कार्रवाई उपलब्ध कराई जाएगी।

# डिजिटल निवेश योजना के नाम पर 183 करोड़ रुपये की ठगी का पदार्फाश, प्रवर्तन निदेशालय ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com




**मुंबई।** डिजिटल निवेश योजना के नाम पर लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी और धन शोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम 2002 के तहत की गई है। गिरफ्तार आरोपियों को विशेष न्यायालय मुंबई में पेश किया गया, जहां न्यायालय ने उन्हें आगे की पूछताछ के लिए 20 मार्च 2026 तक आठ दिन की प्रवर्तन निदेशालय हिरासत में भेजने के आदेश दिए हैं।

प्रवर्तन निदेशालय के मुंबई क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा की गई जांच में सामने आया कि सुधीर दलसुखभाई कोटडिया और उमंग शांतिभाई कोटडिया नामक आरोपी एक फर्जी डिजिटल निवेश योजना संचालित कर रहे थे। यह योजना क्यूफोन एप लिमिटेड नामक संस्था तथा उससे जुड़ी अन्य संस्थाओं के माध्यम से संचालित की जा रही थी। दोनों आरोपियों को 11 मार्च 2026 को गिरफ्तार किया गया।

इस मामले की जांच थाना वर्तक नगर, ठाणे शहर (महाराष्ट्र) में दर्ज प्राथमिकी संख्या 1232/2024 दिनांक 28 दिसंबर 2024 के आधार पर प्रारंभ की गई थी। इस प्राथमिकी में सुधीर कोटडिया, जयसुख सखारिया, उमंग कोटडिया और अन्य के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं तथा महाराष्ट्र जमाकर्ता हित संरक्षण अधिनियम 1999 की धारा 3 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

प्रवर्तन निदेशालय की जांच में सामने आया कि आरोपियों ने गुजरात और महाराष्ट्र के हजारों निवेशकों को झांसा देकर एक डिजिटल निवेश योजना में धन लगवाया। निवेशकों को बताया जाता था कि वे मोबाइल अनुप्रयोग पर विज्ञापन देखने और विभिन्न डिजिटल गतिविधियों के माध्यम से कम समय में भारी मुनाफा कमा सकते हैं। निवेशकों को 2 प्रतिशत से लेकर 10 दशमलव 5 प्रतिशत तक का आकर्षक लाभ देने का लालच दिया जाता था।

जांच में यह भी सामने आया कि यह पूरी योजना एक पोंजी योजना की तरह संचालित की जा रही थी, जिसमें नए निवेशकों से प्राप्त धनराशि का उपयोग पुराने निवेशकों को भुगतान करने में किया जाता था। इसके अलावा बड़ी मात्रा में निवेशकों की रकम आरोपियों द्वारा हड़प ली जाती थी। निवेशकों से प्राप्त धन को विभिन्न कंपनियों, फर्मों और व्यक्तियों के बैंक खातों के माध्यम से इधर-उधर स्थानांतरित किया गया तथा कुछ राशि पारंपरिक धन प्रेषण माध्यमों के जरिए नकद रूप में भी भेजी गई।

अब तक की जांच में इस फर्जी निवेश योजना के माध्यम से लगभग 183 करोड़ रुपये की अवैध धनराशि अर्जित किए जाने का खुलासा हुआ है।

प्रवर्तन निदेशालय के अनुसार आरोपी इस मामले में लंबे समय से फरार चल रहे थे और जांच एजेंसियों से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहे थे। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी पहले संयुक्त अरब अमीरात के दुबई शहर भाग गए थे और बाद में नेपाल के रास्ते भारत लौटे। खुफिया सूचनाओं और तकनीकी निगरानी के आधार पर प्रवर्तन निदेशालय ने आरोपियों का पता लगाकर उन्हें गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय ने इस मामले में कई स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया था, जिसमें महत्वपूर्ण दस्तावेज, डिजिटल उपकरण और वित्तीय अभिलेख बरामद किए गए थे। साथ ही कार्रवाई के दौरान 2 करोड़ 51 लाख रुपये नकद भी जब्त किए गए थे।

## खबर संक्षेप

### जिला सरकारी अस्पताल में एसीबी की छापामार कार्रवाई

**तेलंगाना @ पदमावत मीडिया।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने शुक्रवार को जिला सरकारी अस्पताल मेडक नगर में अचानक निरीक्षण कर मेडिकल प्रतिपूर्ति शाखा की कार्यप्रणाली की जांच की। निरीक्षण के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं, जिनके संबंध में दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए सरकार को रिपोर्ट भेजी जाएगी। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के मेडक क्षेत्र के अधिकारियों द्वारा 13 मार्च 2026 को जिला सरकारी अस्पताल मेडक में आकस्मिक जांच की गई। जांच के दौरान पाया गया कि अस्पताल में बाह्य वार्ड रजिस्टर केवल 5 जनवरी 2026 तक ही अद्यतन किया गया था और उसके बाद इसका रखरखाव नहीं किया गया। जांच में यह भी सामने आया कि स्वीकृत चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिल संबंधित विभागाध्यक्षों को भेजे जाने चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा था। अस्पताल प्रशासन द्वारा स्वीकृत प्रतिपूर्ति बिल व्यक्तिगत रूप से जारी किए जा रहे थे और इसके लिए किसी प्रकार का नियमित रजिस्टर भी संधारित नहीं किया गया। आवक रजिस्टर के अनुसार मार्च 2025 से 5 मार्च 2026 तक कार्यालय को कुल 1053 चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिल प्राप्त हुए थे। इनमें से 529 बिलों का भुगतान किया जा चुका है, जबकि शेष बिल अधीक्षक के स्तर पर लंबित पाए गए। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि जनवरी और फरवरी 2026 के दौरान कुल 156 चिकित्सकीय विधिक मामले दर्ज किए गए थे, लेकिन इन मामलों में जारी किए गए प्रमाण पत्रों का कोई समुचित अभिलेख अस्पताल प्रशासन द्वारा संधारित नहीं किया जा रहा था। इसके अलावा जिला सरकारी अस्पताल मेडक ने 10 मार्च 2025 को स्थानीय औषधि विक्रेताओं के साथ दवाइयों और अन्य सामग्री की खरीद के लिए समझौता किया था। अब तक लगभग 50 लाख 87 हजार 88 रुपये की खरीद की जा चुकी है, जिसकी भी जांच की जा रही है। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि बाह्य स्त्रोत से नियुक्त छह कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज की गई थी, जबकि वे ड्यूटी पर उपस्थित नहीं थे। इस मामले की भी जांच की जा रही है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारियों ने बताया कि जांच के आधार पर विस्तृत प्रतिवेदन तैयार कर सरकार को भेजा जाएगा तथा अनियमितताओं के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी।

**पुलिस थाना सविना की बड़ी कार्यवाही**

### अवैध गांजा बेचने वाला सालभर से फरार हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** जिले में पुलिस थाना सविना ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ




गांजा बेचने वाले सालभर से फरार चल रहे हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उदयपुर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशन में महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज गौरव श्रीवास्तव द्वारा चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश ओझा एवं वृताधिकारी नगर पूर्व सूर्यवीर सिंह के सुपरविजन में सविना थानाधिकारी गजवीर सिंह के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई। प्रकरण संख्या 342/2025 धारा 8/20, 8/29 एनडीपीएस एक्ट में अवैध मादक पदार्थ गांजा विक्रय करने वाले सालभर से फरार वांछित हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त फरदीन शेख उर्फ बुग्गी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व में भी लगभग 35 आपराधिक प्रकरण दर्ज होकर न्यायालय में विचाराधीन हैं। **गिरफ्तार आरोपी:** फरदीन शेख उर्फ बुग्गी पुत्र ताज मोहम्मद निवासी कौमी एकता नगर मल्लातलाई थाना सविना जिला उदयपुर। इस कार्रवाई में सविना थानाधिकारी गजवीर सिंह, हेड कांस्टेबल कृष्णप्रताप सिंह तथा कांस्टेबल मांगीलाल, छगनलाल और विक्रम सिंह शामिल थे।

### रोजगार कैम्पस प्लेसमेंट शिविर का आयोजन 16 को

**डूंगरपुर @ पदमावत मीडिया।** जिला प्रशासन एवं रोजगार कार्यालय, डूंगरपुर के संयुक्त तत्वाधान में 16 मार्च 2026 को प्रातः 10 बजे से सांय 03 बजे तक पंचायत समिजि डूंगरपुर में रोजगार कैम्पस प्लेसमेंट शिविर-2026 का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा उनके विभिन्न रिक्त पदों की पूर्ति हेतु साक्षात्कार लिये जाकर मौके पर ही प्राथमिक चयन किया जावेगा तथा विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा संचालित की जा रही सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

## 228 करोड़ रुपये बैंक धोखाधड़ी मामला:

# सीबीआई ने अनिल अंबानी के पुत्र जय अनमोल अंबानी से 6 घंटे से अधिक पूछताछ की

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**नई दिल्ली।** 228 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड से जुड़े मामले में उद्योगपति अनिल अंबानी के पुत्र जय अनमोल अंबानी से लंबी पूछताछ की। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो मुख्यालय नई दिल्ली में शुक्रवार को जय अनमोल अंबानी से करीब साढ़े छह घंटे तक पूछताछ की गई।

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने 6 दिसंबर 2025 को रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड, जय अनमोल अंबानी, रविंद्र सुधालकर तथा अन्य अज्ञात व्यक्तियों और अज्ञात लोकसेवकों के खिलाफ 228 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में प्रकरण दर्ज किया था। इसी मामले में जांच के तहत जय अनमोल अंबानी को पूछताछ के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो मुख्यालय दिल्ली में तलब किया गया था।

सूत्रों के अनुसार जय अनमोल अंबानी निर्धारित समय पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो के जांच अधिकारी के समक्ष उपस्थित हुए, जहां उनसे लगभग छह घंटे तीस मिनट तक विस्तृत पूछताछ की गई। जांच एजेंसी ने आगे की पूछताछ के लिए उन्हें शनिवार को भी उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

इस मामले की पृष्ठभूमि में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की शिकायत के आधार पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने रिलायंस एडीए समूह की कंपनी रिलायंस होम फाइनेंस



लिमिटेड तथा उसके प्रमोटरों, निदेशकों और कुछ अज्ञात बैंक अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और आपराधिक कदाचार के आरोपों में मामला दर्ज किया था। आरोप है कि इस मामले में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को 228 करोड़ 6 लाख रुपये का नुकसान पहुंचाया गया।

जांच में सामने आया कि रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड का खाता 30 सितंबर 2019 को अनुत्पादक परिसंपत्ति घोषित किया गया था, जबकि 10 अक्टूबर 2024 को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा इसे धोखाधड़ी घोषित किया गया। कंपनी ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया सहित 18 बैंकों, वित्तीय संस्थानों, गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों और अन्य संस्थाओं से लगभग 5572 करोड़ रुपये का ऋण लिया हुआ था।

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने मामले की जांच के दौरान मुंबई स्थित विशेष न्यायाधीश की अदालत से तलाशी वारंट प्राप्त कर 9 दिसंबर 2025 को रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड के दो कार्यालय परिसरों, जय अनमोल अंबानी के आवास तथा कंपनी के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी और पूर्णकालिक निदेशक रविंद्र सुधालकर के आवास पर छापेमारी की थी। इस दौरान कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए गए थे।

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा मामले में आगे की जांच जारी है।

# तीर्थंकर दिवस पर मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं

## भगवान ऋषभदेव के आदर्शों को जीवन में अपनाने का किया आह्वान



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**

**भीनमाल।** जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर एवं युग के आदि प्रवर्तक भगवान ऋषभदेव के जन्म एवं दीक्षा कल्याणक पर्व तीर्थंकर दिवस ऋषभ नवमी के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उन्हें नमन करते हुए जैन समाज सहित समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने संदेश में कहा कि शाश्वत तीर्थ अयोध्या में जन्मे देवाधिदेव भगवान ऋषभदेव संपूर्ण भारतीय संस्कृति के आराध्य एवं प्रेरणास्त्रोत हैं। जैन आगमों के साथ ही श्रीमद्भागवत में भी उनकी महान साधना और लोककल्याणकारी योगदान का अत्यंत श्रद्धा के साथ उल्लेख मिलता है। उन्होंने कहा कि भगवान ऋषभदेव आदि योगी थे, जिन्होंने भारतवर्ष की जनता को प्रवृत्ति और निवृत्ति के संतुलन का महान आध्यात्मिक संदेश दिया। उन्होंने कृषि करो और ऋषि बनो का अमर संदेश देकर समाज को कर्म, साधना और आत्मोन्नति का मार्ग दिखाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवाधिदेव भगवान ऋषभदेव का जीवन सत्य, अहिंसा, करुणा, तप और आत्मसंयम जैसे उच्च मानवीय मूल्यों का अनुपम उदाहरण है। उनका आदर्श जीवन हमें नैतिकता, आत्मानुशासन और लोकमंगल के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। तीर्थंकर दिवस ऋषभ नवमी के अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जैन समाज और प्रदेशवासियों से भगवान ऋषभदेव की शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात करने तथा समाज में सद्भाव, शांति और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

# बरोड़ा में 19 से 27 मार्च तक भव्य श्रीराम कथा एवं प्रेमयज्ञ का आयोजन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : ईश्वर लाल सुथार**

**सलूंबर।** जिले के राजस्व ग्राम बरोड़ा में आगामी 19 मार्च से 27 मार्च तक भव्य श्रीराम कथा एवं प्रेमयज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन में वागड़ क्षेत्र के प्रसिद्ध कथावाचक कमलेश भाई शास्त्री के श्रीमुख से श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा का अमृतपान कराया जाएगा। कथा आयोजन को लेकर क्षेत्र में व्यापक तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी क्रम में गुरुवार को नयागांव में बरोड़ा एवं आसपास के गांवों की भक्त मंडली द्वारा कथा निमंत्रण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान ग्राम की महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने घर-घर जाकर लोगों को श्रीराम कथा में शामिल होने का निमंत्रण दिया और अधिक से अधिक संख्या में कथा श्रवण के लिए उपस्थित रहने का आग्रह किया। आयोजकों के अनुसार श्रीराम कथा का आयोजन बरोड़ा ग्राम में बारौलजी



रोड स्थित पाटिया मैदान में किया जाएगा। कथा के प्रथम दिवस भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु, संत-महात्मा तथा धर्मप्रेमी शामिल होंगे। शोभायात्रा के माध्यम से पूरे क्षेत्र में धर्म, आस्था और भक्ति का वातावरण निर्मित किया जाएगा।

सर्व सनातन समाज के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजकों ने आसपास के सभी सनातन धर्म प्रेमियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर श्रीराम कथा का श्रवण करें और धर्मयज्ञ में अपनी सहभागिता निभाकर आयोजन को सफल बनाएं।

## हाईकोर्ट के आदेश की पालना में निगम की कार्रवाई

# पिछोला झील में पेट्रोल-डीजल से संचालित 2 नावें सीज

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** शहर की झीलों के संरक्षण और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम उदयपुर ने सख्त कार्रवाई करते हुए पिछोला झील में संचालित पेट्रोल-डीजल चालित दो नावों को अग्रिम आदेश तक सीज कर दिया है। यह कार्रवाई नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना के निर्देश पर राजस्थान उच्च न्यायालय के आदेशों की पालना में की गई।

नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना ने बताया कि राजस्थान उच्च न्यायालय की डबल बेंच ने 30 मार्च 2022 को निर्देश दिए थे कि उदयपुर की झीलों में पेट्रोल और डीजल से चलने वाली नावों के स्थान पर चरणबद्ध तरीके से बैटरी अथवा सौर ऊर्जा से संचालित नावों का संचालन किया जाए। इसी आदेश की पालना में 10 मई 2025 को आयोजित जिला झील संरक्षण एवं विकास



समिति की बैठक में निर्णय लिया गया था कि झीलों में संचालित पेट्रोल और डीजल आधारित नावों को 15 अगस्त 2025 से पहले सौर या बैटरी आधारित नावों में परिवर्तित किया जाए।

इस संबंध में नगर निगम उदयपुर द्वारा संबंधित होटल संचालकों को नियमानुसार नोटिस भी जारी किए गए थे। इसके बावजूद संबंधित पक्ष द्वारा पेट्रोल और डीजल से संचालित नावों का संचालन जारी रखा गया। बाद में 10 फरवरी 2026 को जिला झील संरक्षण एवं विकास समिति की बैठक में जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में उच्च न्यायालय के आदेशों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

नगर निगम आयुक्त के अनुसार उक्त निर्देशों की पालना में निगम अधिशाषी अभियंता यांत्रिक लखनलाल बैरवा के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई करते हुए पिछोला झील में संचालित पेट्रोल-डीजल आधारित दो नावों को अग्रिम आदेश तक सीज कर लिया।

नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना ने स्पष्ट किया कि झीलों के पर्यावरण संरक्षण के लिए न्यायालय के निर्देशों की पालना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाएगी। नियमों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# राजस्थान संपर्क 181 हेल्पलाइन पर अतिरिक्त मुख्य सचिव का परिवादियों से सीधा संवाद

## मार्च में औसतन 6 दिन में समस्याओं का समाधान

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** राजस्थान संपर्क 181 हेल्पलाइन आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी मंच बनती जा रही है। सार्वजनिक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रवीण गुप्ता ने शुक्रवार को शासन सचिवालय स्थित राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कई परिवादियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान बताया गया कि सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा हेल्पलाइन पर दर्ज होने वाली शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। मार्च माह में विभाग ने औसतन 6 दिन के भीतर शिकायतों का समाधान किया है। इस माह अब तक कुल 3228 शिकायतें दर्ज हुई हैं, जिनमें से 752 का निस्तारण किया जा चुका है। संतुष्टि का प्रतिशत 79 प्रतिशत दर्ज किया गया है, जो विभाग की कार्यप्रणाली को दशार्ता है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रवीण गुप्ता ने इस दौरान विभाग से संबंधित 11 परिवादियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। सुनवाई के दौरान सड़कों पर



अवैध गतिरोधक, सड़क किनारे झाड़ियां, मिट्टी जमा होने जैसी समस्याओं को परिवादियों ने उठाया। इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने अधिकारियों को शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव ने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ बैठक भी की। बैठक में शिकायतों के निस्तारण में लगने वाले समय को कम करने और निस्तारित शिकायतों के संतुष्टि स्तर को बढ़ाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के समाधान में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। निर्देशों की पालना में विभाग द्वारा लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किए गए हैं। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव ने पर्यटन विभाग, कला एवं संस्कृति विभाग तथा जवाहर कला केंद्र से संबंधित शिकायतों की भी समीक्षा की और संबंधित परिवादियों से संवाद किया।


निरीक्षण के दौरान संपर्क हेल्पलाइन पर दर्ज एक परिवाद का भी परीक्षण किया गया, जिसमें पर्यटन इकाई परियोजना की स्वीकृति लंबे समय तक लंबित रखने की शिकायत की गई थी। परिवादी ने फाइल को लंबित रखने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की थी। इस पर अतिरिक्त मुख्य सचिव ने मामले की जानकारी लेकर पत्रावली तलब कर जांच के निर्देश दिए। इस अवसर पर लोक शिकायत निवारण विभाग के संयुक्त सचिव हर्ष सावन सुखा, आरआईएसएल के समूह महाप्रबंधक जी.के. शर्मा, राजस्थान संपर्क पोर्टल के अतिरिक्त निदेशक सुदर्शन सिंह देओरा सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निदेर्शानुसार आमजन से जुड़ी शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से सभी विभागों के सचिव निर्धारित तिथियों में राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन पर उपस्थित होकर परिवादियों से सीधा संवाद कर रहे हैं। 181 हेल्पलाइन के माध्यम से आमजन घर बैठे अपनी समस्या दर्ज कराकर उसका शीघ्र समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

# फलोदी जिला अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी 7 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई करते हुए फलोदी जिला अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी की जोधपुर ग्रामीण इकाई ने यह कार्रवाई करते हुए आरोपी चिकित्सक को 7 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा।

एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर की गई कार्रवाई में फलोदी जिला अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार गौड़ को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया। एसीबी को शिकायत मिली थी कि डॉ. गौड़ ने परिवादी द्वारा पुलिस थाना फलोदी में दर्ज एक मुकदमे में परिवादी तथा अन्य व्यक्ति की चोटों की मेडिकल रिपोर्ट उनके पक्ष में तैयार करने के बदले 10 हजार रुपये की रिश्वत की मांग



की थी। शिकायत के अनुसार आरोपी चिकित्सक ने सत्यापन वार्ता से पहले ही 3 हजार रुपये रिश्वत के रूप में ले लिए थे और शेष 7 हजार रुपये की मांग कर रहा था। शिकायत की जांच और सत्यापन के बाद एसीबी ने जाल बिछाकर कार्रवाई की। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के उप महानिरीक्षक भुवन भूषण यादव के सुपरविजन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस सोनी के नेतृत्व में निरीक्षक अनिल कुमार सहित एसीबी टीम ने ट्रैप कार्रवाई करते हुए आरोपी डॉ. जितेन्द्र कुमार गौड़ को 7 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

एसीबी अधिकारियों ने बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है। मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।

# एसबीआई ग्राहक सेवा बैठक में उठे महत्वपूर्ण मुद्दे, बेहतर सेवाएं देने का भरोसा



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**

**भीनमाल।** भारतीय स्टेट बैंक की स्थानीय शाखाओं द्वारा ग्राहकों के साथ संवाद स्थापित करने तथा बैंकिंग सेवाओं को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से होटल मीनाक्षी पैलेस में ग्राहक सेवा टाउन हॉल मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक में बैंक अधिकारियों और ग्राहकों के बीच विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक के अनेक ग्राहकों ने बैठक में भाग लेकर अपनी समस्याएं और सुझाव रखे। व्यापारियों ने भी बैंकिंग सेवाओं से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए बैंक के उच्च प्रबंधन का ध्यान आकर्षित किया।

बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय स्टेट बैंक के सहायक महाप्रबंधक रमेश टाक ने कहा कि बैंक द्वारा ग्राहकों को बेहतर और त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने ग्राहकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। साथ ही भविष्य में भी उच्च स्तरीय बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। बैठक के दौरान बैंक अधिकारियों ने भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, सामाजिक सुरक्षा बीमा योजनाओं तथा बैंक की डिजिटल बैंकिंग सेवाओं की जानकारी भी दी। इसके साथ ही ग्राहकों को सुरक्षित बैंकिंग और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए दैनिक जीवन में होने वाले ऑनलाइन धोखाधड़ी से सावधान रहने की सलाह दी गई। इस अवसर पर ग्राहकों ने खुले मन से बैंक की सेवाओं की सराहना की और भरोसा दिलाया कि बैंक की प्रगति में वे भी सहयोग करते रहेंगे। ग्राहकों ने भविष्य में भी इस प्रकार की बैठकें नियमित रूप से आयोजित करने का आग्रह किया, ताकि बैंक और ग्राहकों के बीच बेहतर संवाद बना रहे। कार्यक्रम में स्थानीय शाखाओं के सभी प्रबंधक अपने-अपने स्टाफ के साथ उपस्थित रहे और उन्होंने भी ग्राहकों को बेहतर बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने का भरोसा दिलाया। बैंक अधिकारियों ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक देश का सबसे बड़ा और अग्रणी बैंक है तथा सभी ग्राहकों को उच्च स्तरीय सेवाएं प्रदान करना ही बैंक का उद्देश्य है।

इस अवसर पर व्यापारियों, उद्योगपतियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन धनराज देवड़ा ने किया। बैठक में धनराज देवड़ा, महेंद्र कुमार, किशन सिंह गहलोत, विनय गहलोत, मुकेश चौहान, भरत सुथार, भरत वैष्णव, रजत शर्मा, प्रभात नागेश सहित अन्य बैंक अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मनवाखेड़ा में कल मेघवाल समाज की अहम बैठक

उदयपुर @ पदमावत मीडिया। आगामी आखातीज के अवसर पर आयोजित होने वाले मेघवाल समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर मेघवाल समाज सुधार एवं जीर्णोद्धार समिति की ओर से मनवाखेड़ा में कल विशेष बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में समाज के प्रतिनिधि आगामी सम्मेलन की तैयारियों को अंतिम रूप देंगे तथा आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। समिति के अध्यक्ष रामलाल मेघवाल, मनवाखेड़ा ने बताया कि यह बैठक कल प्रातः 11 बजे उनके निवास स्थान मनवाखेड़ा में आयोजित की जाएगी। बैठक में गिर्वा चौखला के अंतर्गत आने वाले मेघवाल समाज के सभी 33 गांवों के प्रतिनिधियों के साथ मेघवाल समाज विकास युवा संगठन के पदाधिकारी तथा समाज के गणमान्य लोग भी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में उपरला गिर्वा द्वारा 20 अप्रैल को आखातीज के अवसर पर आयोजित किए जाने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की जाएगी। सम्मेलन को भव्य, सुव्यवस्थित और सफल बनाने के लिए आयोजन की रूपरेखा तय की जाएगी। बैठक के दौरान सामूहिक विवाह सम्मेलन के सफल संचालन के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया जाएगा तथा पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। समिति के पदाधिकारियों ने गिर्वा चौखला के सभी 33 गांवों के समाज बंधुओं से अपील की है कि वे बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सम्मेलन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन समाज में सादगीपूर्ण विवाह की परंपरा को बढ़ावा देता है तथा सामाजिक एकता, सहयोग और आपसी भाईचारे को मजबूत करता है।

### रसोई गैस सिलेण्डरों की पर्याप्त उपलब्धता, अफवाहों से बचें : जिला कलेक्टर

भीलवाड़ा @ पदमावत मीडिया। जिला कलेक्टर श्री जसमीत सिंह संधू ने बताया कि जिले में रसोई गैस सिलेण्डरों की पर्याप्त उपलब्धता है तथा इसकी आपूर्ति नियमित रूप से जारी है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि रसोई गैस सिलेण्डर को लेकर किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक पैनिक बुकिंग या भण्डारण से बचें। जिला कलेक्टर ने कहा कि जिले में गैस एजेंसियों के माध्यम से सिलेण्डरों की आपूर्ति सामान्य रूप से की जा रही है तथा किसी भी प्रकार की कमी की स्थिति नहीं है। आमजन गैस रिफिल से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान के लिए हेल्पलाइन नम्बर 112, 181 एवं 14435 पर अपना परिवाद दर्ज करवा सकते हैं। उन्होंने समस्त गैस एजेंसियों को निर्देशित किया है कि वे नियमानुसार बुकिंग सुनिश्चित करें तथा वास्तविक पंजीकृत उपभोक्ताओं को ओटीपी के माध्यम से घरेलू गैस सिलेण्डर की होम डिलीवरी करें। इस संबंध में किसी भी प्रकार की असावधानी नहीं बरती जाए। आवश्यक सेवाओं जैसे स्कूल, अस्पताल, ट्रस्ट एवं जेल के लिए वाणिज्यक गैस सिलेण्डरों की भी पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

### दशामाता पूजन पर महिलाओ ने की पीपल की पूजा अर्चना

जयसमंद @ पदमावत मीडिया। दशामाता पर्व को लेकर शुक्रवार को जयसमंद सहित आसपास गाँवो मे महिलाओं ने श्रद्धा और



भक्ति के साथ दशामाता की पूजा अर्चना कर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। वीरपुरा मे महिलाये सज धज कर एक जगह एकत्र होकर सामूहिक रूप से दशा माता व्रत की कथा का श्रवण किया और उसके बाद पूजा की थाली लेकर गीत गाती हुई पीपल के पेड़ के नीचे धूप, दीप, नेवैद्य अर्पित कर विधिवत दशा माता की पूजा-अर्चना की। पूजा के लिये सुबह से ही श्रद्धालु महिलाएं सज-धजकर सोलह श्रृंगार कर अलग अलग पीपल वृक्ष के नीचे एकत्र हुईं। उन्होंने पीपल वृक्ष की दस बार परिक्रमा की और कच्चे सूत का धागा लपेटकर पूजन किया। महिलाओं ने पीपल के वृक्ष पर कुमकुम, मेहंदी और हल्दी अर्पित की, साथ ही चुनरी ओढ़ाकर सोलह श्रृंगार की सामग्री भेंट की। महिलाओं ने घर की अच्छी दशा, घर में सुख समृद्धि और अन्न धन की मनोकामना को लेकर दशा माता का उपवास रखा इसी तरह कंतोडा करोड़िया गातोड़ पहाड़ी झाड़ोल पिलादर बूटवास सल्लाड़ा खाकल श्यामपुरा सहित आसपास गाँवो मे दशा माता पूजा-अर्चना के लिए अलग- अलग मंदिरों में पीपल के वृक्ष पर महिलाओ ने पूजा अर्चना कर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की।

## पीएम किसान उत्सव दिवस

# पंचायत समिति सलूंबर सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com





**सलूंबर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत पीएम किसान उत्सव दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम शुक्रवार को पंचायत समिति सलूंबर सभागार में आयोजित किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त के रूप में किसानों के खातों में राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से हस्तांतरित की गई। कार्यक्रम के तहत असम के गुवाहाटी में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देशभर के किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि जारी की गई। इस अवसर पर देश के 9 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में लगभग 18 हजार 650 करोड़ रुपये की राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से स्थानांतरित की गई। इस योजना के अंतर्गत राजस्थान राज्य के लगभग 66 लाख 76 हजार किसान लाभान्वित हुए।

जिला स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन जिला कलक्टर अवधेश मीना के निर्देशन में अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ दिनेश राय सापेला की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर प्रधानमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण देखा।

अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ दिनेश राय सापेला ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देशानुसार जिले के सभी ब्लॉक, तहसील तथा ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर भी विशेष वेबकास्ट कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा प्रगतिशील किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से संबंधित जानकारी दी गई तथा आधार सीडिंग, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण व्यवस्था और पोर्टल पर लाभार्थियों की स्थिति की जानकारी भी प्रदान की गई। साथ ही किसानों को कृषि की उन्नत तकनीकों और योजना के तकनीकी पहलुओं से भी अवगत कराया गया।

जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों की पालना में विभिन्न केंद्रों पर मौजूद किसानों के उत्साह को वीडियो और फोटोग्राफ के माध्यम से दर्ज कर संबंधित पोर्टल पर अपलोड किया गया।

कार्यक्रम के अंत में प्रगतिशील किसानों ने केंद्र एवं राज्य सरकार की किसान हितैषी योजनाओं के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सहकारिता विभाग के सहायक रजिस्ट्रार ओंकार लाल बुनकर, प्रोग्रामर भाविक पारगी, सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय से सूचना सहायक अमोल अहारी सहित अन्य कर्मचारी और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## घरेलू गैस सिलेंडर आपूर्ति पर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री की प्रेसवार्ता

### आमजन की सुगमता राज्य सरकार की प्राथमिकता

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर/भीलवाड़ा।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री सुमित गोदारा ने गुरुवार को घरेलू गैस आपूर्ति पर प्रेस से वार्ता के दौरान बताया कि प्रदेश में घरेलू कुकिंग गैस (एलपीजी) का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। घरेलू उपभोक्ताओं को गैस आपूर्ति के संबंध में आशंकित होने की कोई आवश्यकता नहीं है। अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों से उत्पन्न वर्तमान स्थिति में घरेलू गैस सिलेंडरों की किसी प्रकार की जमाखोरी (भ्वंतकपदह) या अन्य स्त्रोतों में डायवर्जन नहीं हो यह चैक करने में समस्त जिलों में विजीलेन्स दल कार्यरत हो गए हैं। इसके साथ ही जिलों में कलेक्टर, एसपी एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा नियमित चैकिंग की जा रही है। जिलों में सुचारू घरेलू गैस आपूर्ति हेतु गठित की गई कमेटियों द्वारा प्राप्त दैनिक रिपोर्ट में सामने आया है कि घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी, अवैध भंडारण जैसी अवैध गतिविधियों की पूर्णतया रोकथाम प्रशासन द्वारा की गई है है। प्रदेश में इस तरह की कोई गतिविधि नहीं हो रही है। श्री गोदारा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय घटनाओं से उत्पन्न वर्तमान स्थिति के मद्देनजर उपभोक्ताओं से निवेदन है कि गैस बुकिंग शहरी क्षेत्र के उपभोक्ता द्वारा पिछली डिलीवरी के 25 दिन बाद और ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता द्वारा 45 दिन के बाद ही किया जाए। साथ ही बुकिंग केवल मोबाईल एप, बेबसाईट हँ३२ंस्त्र, क्श्फ्र के माध्यम से ही करवाएं तथा गैस एजेन्सी पर जाकर बुकिंग कराने का प्रयास न करें।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने बताया कि घरेलू गैस आपूर्ति के संबंध में स्थिति एकदम सामान्य है तथा गैस बुकिंग करवाने के 2-3 दिन के भीतर उपभोक्ता के घर पर गैस सिलेंडर की डिलीवरी की जाएगी। घरेलू एलपीजी की सभी डिलीवरी ओटीपी के माध्यम से की जा रही है जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि सिलेन्डर वास्तविक उपभोक्ता को ही प्राप्त हो। उन्होंने बताया कि वर्तमान स्थिति के मद्देनजर अपनाए गए मापदंड के तहत गैस एजेन्सी पर पॉइन्ट डिलीवरी बन्द कर दी गई है।

## एमएलएसयू की वेबसाइट 14 घंटे तक ठप, टेंडर प्रक्रिया में देरी को लेकर उठे सवाल

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट लगभग 14 घंटे तक बंद रहने से विश्वविद्यालय की डिजिटल व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। बीती रात से ही वेबसाइट खोलने का प्रयास कर रहे छात्रों, शोधार्थियों और आवेदकों को पोर्टल पूरी तरह से बंद मिला, जिससे कई शैक्षणिक और प्रशासनिक सेवाएं प्रभावित हुईं।

विश्वविद्यालय की वेबसाइट परीक्षाओं, परिणाम, प्रवेश प्रक्रिया, अधिसूचनाओं और अन्य महत्वपूर्ण शैक्षणिक सूचनाओं का प्रमुख माध्यम होती है। ऐसे में वेबसाइट के अचानक बंद हो जाने से हजारों छात्रों को आवश्यक जानकारी प्राप्त करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

सूत्रों के अनुसार विश्वविद्यालय की वेबसाइट के संचालन और रखरखाव से संबंधित अनुबंध की अवधि पहले ही समाप्त हो चुकी थी। जानकारी यह भी सामने आई है कि वेबसाइट का संचालन कर रही फर्म को विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा तीन महीने का अतिरिक्त समय दिया गया था, ताकि इस दौरान नई टेंडर प्रक्रिया शुरू की जा सके।

हालांकि राज्य टेंडर पोर्टल की जांच में यह सामने आया है कि वेबसाइट संचालन के लिए अब तक कोई नया ओपन टेंडर जारी नहीं किया गया है। सरकारी नियमों के अनुसार सार्वजनिक सेवाओं और कार्यों के लिए आमतौर पर खुली निविदा प्रक्रिया के माध्यम से ही ठेका दिया जाता है। ऐसे में टेंडर प्रक्रिया में हुई देरी प्रशासनिक हलकों में चर्चा का विषय बन गई है।

विश्वविद्यालय की डिजिटल व्यवस्था का तकनीकी प्रबंधन कंप्यूटर सेंटर के निदेशक के अधीन आता है। लंबे समय तक वेबसाइट बंद रहने के बाद अब यह प्रश्न उठने लगे हैं कि प्रशासन ने इस स्थिति से निपटने के लिए पहले से कोई वैकल्पिक व्यवस्था या तैयारी क्यों नहीं की। करीब 14 घंटे तक वेबसाइट बंद रहने के बाद अब पोर्टल पर अंडर कंस्ट्रक्शन का पेज दिखाई दे रहा है। माना जा रहा है कि लंबे समय तक वेबसाइट बंद रहने के बाद यह पेज लगाया गया है, जिससे पूरे मामले को लेकर और भी अटकलें तेज हो गई हैं।

## राजस्व मंडल में आज लोक अदालत, समझौते के आधार पर राजस्व प्रकरणों के निस्तारण हेतु 43 प्रकरण सूचीबद्ध

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**अजमेर।** राजस्व मंडल अजमेर में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें समझौते के आधार पर अधिकाधिक राजस्व प्रकरणों के निस्तारण के प्रयास किए जाएंगे। मंडल स्तर पर विशेष लोक अदालत बैंच का गठन कर लोक राहत के प्रभावी प्रयास किए गए हैं। राजस्व मंडल स्तर पर आयोजित होने वाली लोक अदालत के लिए न्यायिक सदस्य राजेश दड़िया एवं सदस्य मदनलाल नेहरा की बैंच गठित की गई है। इस बैंच के माध्यम से पक्षकारों के बीच आपसी सहमति और समझाइश के आधार पर अधिक से अधिक प्रकरणों का निस्तारण करने का प्रयास किया जाएगा। राजस्व मंडल प्रशासन के अनुसार पूर्व में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण स्तर से पूर्व आरएएस अधिकारी सुरेश सिंधी को काउंसलर नियुक्त कर 26 से 27 फरवरी तक मंडल में लंबित प्रकरणों में समझाइश के माध्यम से निस्तारण के लिए काउंसलिंग का कार्य भी किया जा चुका है। इस दौरान एक हजार से अधिक लंबित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की गई, जिनमें से 43 समझाइश योग्य प्रकरणों को लोक अदालत के लिए सूचीबद्ध किया गया है।



मंडल प्रशासन की ओर से पक्षकारों से अपील की गई है कि वे लोक अदालत में उपस्थित होकर आपसी सहमति और समझौते के आधार पर अपने राजस्व प्रकरणों का निस्तारण करवाएं। जिन काश्तकारों के प्रकरण राजस्व मंडल में लंबित हैं और वे लोक अदालत की भावना से प्रकरणों का समाधान चाहते हैं, वे सभी संबंधित पक्षकारों की उपस्थिति में अपने प्रकरणों का निस्तारण करवा सकते हैं।


राजस्व मंडल अजमेर में आज प्रातः 10 बजकर 30 मिनट पर दीप प्रज्वलन के साथ लोक अदालत का शुभारंभ किया जाएगा। इस लोक अदालत के लिए अब तक लगभग 43 प्रकरण चिन्हित किए जा चुके हैं और काउंसलिंग के माध्यम से लगातार अधिकाधिक पक्षकारों के बीच समझाइश कर प्रकरणों के निस्तारण का प्रयास किया जा रहा है।

काउंसलिंग कार्य में मंडल कार्मिक दिनेश वैष्णव, राजेश तिवारी, राजकुमार यादव, अमर सिंह मीणा, अर्जुन यादव सहित अन्य कर्मचारियों का योगदान रहा। अतिरिक्त निबंधक न्याय हेमंत स्वरूप माथुर ने बताया कि लोक अदालत के लिए गठित बैंच में न्यायिक सदस्य राजेश दड़िया एवं सदस्य मदनलाल नेहरा के साथ मुख्य रीडर के रूप में अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी अलादीन एवं हवासिंह तथा सहायक रीडर के रूप में सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजकुमार यादव और वरिष्ठ सहायक आकाश यादव को नियुक्त किया गया है।

## सांसद डॉ रावत के प्रश्न पर जवाब: 40 हजार करोड़ से अधिक लागत से राजस्थान में 4 ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे का निर्माण

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** 40 हजार करोड़ से अधिक व्यय कर राजस्थान में 4 ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे का निर्माण करवाया जा रहा है जिससे राज्य के 17 जिलों की सीमा होगी। सांसद डॉ. मन्ना लाल रावत की ओर से संसद में पूछे गए अतारांकित प्रश्न के जवाब में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन जयराम गडकरी ने यह जानकारी दी। सांसद डॉ रावत ने देश में वर्तमान में निर्मित किए जा रहे ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे, राजस्थान में प्रस्तावित या निमार्णाधीन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे की संख्या, भारतमाला परियोजना के अंतर्गत देश में राज्य-वार निर्मित या उन्नयन किए गए राष्ट्रीय राजमार्ग तथा गांवों को राष्ट्रीय राजमार्गों से जोड़ने वाली फीडर सड़कों पर सुरक्षित और सुविधाजनक कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए कोई विशेष योजना के संबंध में प्रश्न किए थे।



केंद्रीय मंत्री गडकरी ने बताया कि देश में 10,196 किलोमीटर की कुल लंबाई वाले 35 ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे पहुंच-नियंत्रित कॉरिडोर पूरे हो चुके हैं। राजस्थान राज्य में 40,520 करोड़ रुपये की लागत से 1,190 किलोमीटर की कुल लंबाई वाले 4 ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे कार्यान्वित किए जा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि भारतमाला परियोजना के चरण को सरकार द्वारा वर्ष 2017 में देश भर में 34,800 किलोमीटर की लंबाई को कवर करने के लिए 5,35,000 करोड़ रुपये के अनुमानित परिव्यय के साथ मंजूरी दी गई थी। इस कार्यक्रम के तहत, कुल 26,425 किलोमीटर की परियोजनाओं को आवंटित किया गया था और इसमें से फरवरी 2026 तक 22.223 किलोमीटर का निर्माण पहले ही पूरा हो चुका है।

अमृतसर-जामनगर कॉरिडोर भू-बद्ध क्षेत्रों (हरियाणा, पंजाब, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश) को गुजरात के प्रमुख समुद्री बंदरगाहों से जोड़ने वाली एक अभिन्न मार्ग के रूप में कार्य करेगा। इससे 2 एनएमपी केंद्र (बीकानेर और जोधपुर) और 3 पर्यटन केंद्र (बीकानेर, जोधपुर और बाड़मेर) सहित आर्थिक कैंद्रों को एकीकृत संपर्कता प्रदान करने की उम्मीद है। इसके अलावा, इसमें ऑप्टिकल फाइबर केबल्स के लिए एक समर्पित जनोपयोगी कॉरिडोर भी होगा, जो दूरदराज के क्षेत्रों में उच्च गति की संपर्कता प्रदान कर-के 5जी और 6जी रोलआउट के लिए आधार के रूप में काम करेगा।

राजस्थान में 8 लेन दिल्ली-वडोदरा-मुंबई एक्सप्रेसवे का निर्माण में 394 किमी का कार्य पूरा हो चुका है और 47 किमी का निर्माण कार्य जारी है। इसमें अलवर, भरतपुर, दौसा, सवाई माधोपुर, टोंक, बूंदी व कोटा जिलों की सीमा है। इसी तरह 6 लेन अमृतसर-जामनगर 637 आर्थिक कॉरिडोर पूर्ण हो गया है। इसमें हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, बीकानेर जोधपुर, बाड़मेर, जालौर जिलों की सीमा है। 4-लेन पनियाला 86 बरोडामियो निमार्णाधीन है जिसमें अलवर, कोटपुतली, बहरोड की सीमा है। 6-लेन आगरा-ग्वालियर का कार्य भी पूर्ण हो गया है जिसमें धौलपुर जिले की सीमा है।

## जिला कलक्टर ने ली गैस एजेंसी प्रबंधकों की बैठक, प्रेस ब्रीफिंग में मीडिया को दी जानकारी



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com


**डूंगरपुर।** जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिले के समस्त गैस एजेंसी प्रबंधकों के साथ शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कलक्टर सिंह ने सभी से अपील की कि वह बुकिंग प्रक्रिया के अनुसार गैस वितरण व्यवस्था सुनिश्चित करें, वितरण व्यवस्था की प्रभावी मॉनिटरिंग करें तथा ग्राहकों को भी सही सूचना प्रदान करें। उन्होंने सभी से घरेलू उपभोक्ताओं से संप्रेषण एवं संवाद करते हुए गैस उपलब्धता की सही जानकारी देने एवं भ्रामक बातें नहीं फैलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगर कंपनी से सप्लाई नहीं हो तो जिला रसद अधिकारी को सूचित करें तथा किसी भी प्रकार की समस्या आने पर जिला रसद अधिकारी को अवगत करावें। उन्होंने बताया कि घरेलू गैस टंकियों की कालाबाजारी ना हो इसके लिए प्रशासन द्वारा स्पेशल टास्क फोर्स का गठन किया गया है तथा उनके द्वारा कड़ी निगरानी की जाएगी। इस अवसर पर प्रेस ब्रीफिंग करते हुए बताया कि प्रशासन एवं जिला रसद विभाग घरेलू गैस टंकियां के वितरण हेतु गैस एजेंसियों से लगातार संपर्क में है तथा किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है, प्लांट लेवल पर भी सप्लाई आगामी दिनों के लिए उपलब्ध है।

### प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया प्रारम्भ

डूंगरपुर @ पदमावत मीडिया। शैक्षणिक सत्र 2026-27 1 अप्रैल 2026 से प्रारम्भ किया जाना है, इस के लिए जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग द्वारा संचालि आवासीय विद्यालय, मॉडल पब्लिक आवासीय विद्यालय, आश्रम छात्रावास एवं खेल छात्रावासों में कक्षा 6 से 12 तक की संभावित रिक्त सीटों पर ऑनलाईन आवेदन पत्र विभागीय वेबसाईट पर आमंत्रित किये जा रहे है। जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग उपायुक्त डॉ. सत्य प्रकाष कस्वां ने बताया कि विभागीय छात्रावासों एवं आवासीय विद्यालयों में प्रवेष के लिए विभागीय पोर्टल पर 19 मार्च 2026 तक आवेदन कर सकते है। आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 में प्रवेष के लिए प्रवेष परीक्षा विद्यालय स्तर पर 24 मार्च 2026 को आयोजित की जाएगी, खेल छात्रावास में प्रवेष के लिए बेटरी टेस्ट की अवधी 24 मार्च 2026 से 25 मार्च 2026 रहेगी, छात्र-छात्राओ को आवासीय विद्यालय/छात्रावास आवंटन की प्रथम वरियता सूची 30 मार्च 2026 को जारी की जायेगी।

## पीएम किसान उत्सव: नागौर में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित, किसान सीआर चौधरी रहे मुख्य अतिथि

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com





**नागौर।** पीएम किसान उत्सव के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम शुक्रवार को टाउन हॉल में किसान आयोग अध्यक्ष सीआर चौधरी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा असम के गुवाहाटी से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त के हस्तांतरण कार्यक्रम एवं उनके संबोधन का सीधा प्रसारण भी किया गया, जिसे उपस्थित किसानों और जनप्रतिनिधियों ने देखा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किसान आयोग अध्यक्ष सीआर चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार कृषि विकास और किसान कल्याण के लिए पूरी तरह समर्पित है। उन्होंने कहा कि कृषि हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और खेती केवल परंपरागत पेशा नहीं, बल्कि आधुनिक भारत की प्रगति का आधार है। उन्होंने कहा कि जब देश का किसान आत्मनिर्भर और सशक्त होगा तभी विकसित भारत 2047 का सपना साकार हो सकेगा। विकसित भारत की परिकल्पना गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी के उत्थान पर आधारित है और सरकार इन सभी वर्गों के विकास के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इस अवसर पर नागौर जिला कलक्टर चम्पालाल जीनगर, पूर्व विधायक मोहनराम चौधरी, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरविंद जाखड़, सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के प्रबंध निदेशक जयपाल गोदारा, भूमि विकास बैंक सचिव गंगाराम

## खबर संक्षेप

### अवैध गैस रिफिलिंग पर प्रशासन का शिकंजा, 9 सिलेंडर जब्त

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** शहर में घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक दुरुपयोग और अवैध रिफिलिंग की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। जिला



कलक्टर नमित मेहता के निर्देशन में रसद विभाग ने जिला रसद अधिकारी (द्वितीय) मनीष भटनागर के नेतृत्व में शुक्रवार को मादड़ी इंडस्ट्रियल एरिया में छापेमारी कर अवैध कारोबार का भंडाफोड़ किया गया।

रसद अधिकारी श्री भटनागर ने बताया कि विभागीय टीम को सूचना मिली थी कि सीडब्ल्यूसी वेयर हाउस के समीप एक सिलेंडर से दूसरे सिलेंडर में गैस ट्रांसफर करने का अवैध खेल चल रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए जिला रसद अधिकारी मनीष भटनागर और प्रवर्तन अधिकारी मानसी पण्ड्या ने मौके पर औचक निरीक्षण किया। कार्यवाही के दौरान टीम ने अवैध रिफिलिंग करते हुए पकड़ा और मौके से 9 व्यावसायिक गैस सिलेंडर जब्त किए। अधिकारियों के अनुसार, घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि सुरक्षा के लिहाज से भी अत्यंत जोखिम भरा है। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि इस मामले में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। विभाग ने सख्त चेतावनी दी है कि अवैध रिफिलिंग और गैस के दुरुपयोग में लिप्त लोगों के खिलाफ इसी तरह के कड़े कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि यदि कहीं भी गैस सिलेंडरों की अवैध रिफिलिंग या घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग की जानकारी मिले तो इसकी सूचना कंट्रोल रूम को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

### भार वाहनों के कर जमा कराने की अंतिम तिथि 15 मार्च

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** भार वाहनों के वित्तीय वर्ष 2026-27 के वार्षिक कर जमा कराने की अंतिम तिथि 15 मार्च 2026 है। 15 मार्च 2026 तक कर जमा नहीं करवाने वाले यात्री एवं भार वाहनों में बकाया कर वसूली के लिए परिवहन विभाग द्वारा 16 मार्च 2026 से विशेष अभियान चलाया जाएगा। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी ज्ञानदेव विश्वकर्मा ने बताया कि अभियान के लिए सात उड़नदस्तों का गठन किया गया है जो 24 घण्टे गश्त पर रहेंगे। अभियान के दौरान बकाया कर वाले वाहनों की मौके पर ही जब्ती की कार्यवाही की जाकर जुमार्ने सहित कर वसूला जाएगा। कर वसूली के लिए कार्यालय अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे। किसी भी आवश्यक सहयोग के लिए कार्यालय के समस्त कार्मिक उपस्थित रहेंगें। इसी तरह बीएच सीरीज के वाहनों यथा कार एवं दुपहिया वाहन जिनका द्विवार्षिक कर बकाया हो गया है, उन पर भी प्रतिदिन 100 रुपये की पेनल्टी आरोपित है। अतः ऐसे वाहन स्वामी भी अपने वाहन का बकाया कर अविलम्ब जमा करवाएं। जो वाहन टीआरसी (अस्थायी पंजीयन प्रमाण-पत्र) पर संचालित हो रहे है, उनके संचालन अवैद्य मानते हुए जब्ती की कार्यवाही की जावेगी। ऐसे वाहनों का अविलम्ब पंजीयन करवाया जाना सुनिश्चित करें।

### सुखाड़िया सर्कल पर होगा जिला स्तरीय स्वच्छता सप्ताह कार्यक्रम

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान दिवस समारोह के उपलक्ष्य में शनिवार से जिला प्रशासन एवं नगर निगम के तत्वाधान में जिला स्तरीय स्वच्छता सप्ताह कार्यक्रम सुखाड़िया सर्कल पर सुबह 7 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में सांसद, संभागीय आयुक्त, विधायक (शहरी व ग्रामीण), जिला कलक्टर और पुलिस अधीक्षक सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं आमजन मौजूद रहेंगे। नगर निगम की ओर से स्वच्छता सप्ताह के तहत 15 मार्च को सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ सभी कार्यालय क्षेत्रों में सुबह 9 बजे से कार्यवाही की जाएगी। 16 मार्च को शहर के सभी सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों की विशेष सफाई का अभियान चलेगा। 17 मार्च को रोडवेज बस स्टैंड पर सुबह 8 बजे से सार्वजनिक सफाई हेतु श्रमदान किया जाएगा। 18 मार्च को जलाशयों के संरक्षण हेतु गुलाब बाग स्थित हनुमान मंदिर के पास की बावड़ियों में सफाई अभियान चलाया जाएगा। 19 मार्च को अभियान के अंतिम दिन सभी कार्यालय क्षेत्रों में जागरूकता रैलियों का आयोजन होगा।

## नेशनल ट्राईबल भित्ति चित्र एवं माण्डना कला कार्यशाला का शुभारंभ

# कलाएं रहेंगी, तभी संस्कृति जीवित रहेगी : श्री खराड़ी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com






**उदयपुर।** जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री श्री बाबूलाल खराड़ी ने कहा कि पारंपरिक कलाएं और लोक परंपराएं ही हमारी संस्कृति की वास्तविक पहचान हैं। आज बदलते समय और आधुनिकता के प्रभाव के कारण संस्कृति के सामने कई तरह की चुनौतियां खड़ी हो रही हैं, जिससे पारंपरिक कलाएं धीरे-धीरे लुप्त होने का खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने कहा कि कलाएं रहेंगी तभी संस्कृति जीवित रहेगी। इसलिए इन कलाओं का संरक्षण और संवर्धन करना अत्यंत आवश्यक है।

श्री खराड़ी शुक्रवार को सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र (सीसीआरटी) सभागार में जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग तथा माणिक्यलाल वर्मा आदिम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय नेशनल ट्राईबल भित्ति चित्र एवं माण्डना कला कार्यशाला के शुभारंभ समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। श्री खराड़ी ने देश भर से आए जनजाति कलाकारों का स्वागत किया। उन्होंने भित्ति चित्र, मांडना और जनजातीय कला जैसी परंपराएं केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी सभ्यता और जीवन मूल्यों की धरोहर हैं। मंत्री ने कहा कि सरकार और समाज दोनों को मिलकर ऐसे प्रयास करने होंगे, जिससे कलाकारों को प्रोत्साहन मिले और आने वाली पीढ़ियां भी अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी रह सकें। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में ऐसे हालात बन रहे हैं, जिससे संस्कार और संस्कृति का क्षरण हो रहा है। इस तरह की कार्यशालाएं इन कलाओं को पुनर्जीवित करने और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का सशक्त माध्यम सिद्ध हो सकती हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सीसीआरटी अध्यक्ष विनोदनारायण इंदूकर ने कार्यशाला को जनजाति संस्कृति और कलाओं के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। सीसीआरटी की भावी कार्ययोजनाओं की जानकारी देते हुए राज्य सरकार के साथ मिलकर जनजाति कलाओं के संरक्षण और संवर्धन के लिए विविध गतिविधियां आयोजित किए जाने का भी प्रस्ताव रखा। विशिष्ट अतिथि मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के दृश्य कला विभाग निदेशक हेमन्त द्विवेदी ने भी विचार व्यक्त किए।

प्रारंभ में टीआरआई निदेशक ओपी जैन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यशाला के माध्यम से देश में जनजातीय विरासत, जनजाति कलारूपों और मौखिक परम्पराओं सहित विभिन्न जनजातीय भित्ति चित्र एवं माण्डना कला के संरक्षण, दस्तावेजीकरण और संवर्धन का प्रयास किया जा रहा है। कार्यशाला में राजस्थान सहित केरल, बिहार, त्रिपुरा, ओड़िशा, महाराष्ट्र, गोवा सहित अन्य राज्यों से जनजाति कलाकार भाग ले रहे हैं। पांच दिवसीय इस कार्यशाला में यह कलाकार अपने राज्यों के भित्ति चित्र एवं माण्डना कला शैलियों के अनुभव साझा करेंगे। भित्ति चित्र आदिवासियों के प्रकृति के जुड़ाव एवं दैनिक जीवन की गतिविधियों का दिग्दर्शन है। वहीं माण्डना कला के द्वारा आदिवासी अपने त्यौहारों व विशिष्ट आयोजनों के अवसर पर घर के आंगन इत्यादि में विशिष्ट कलाकृतियां बनाते हैं।

कार्यक्रम में जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के अतिरिक्त आयुक्त कृष्णपालसिंह चौहान भी बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। आभार कार्यशाला के नोडल प्रभारी तथा निदेशक सांख्यिकी सुधीर दवे ने व्यक्त किया। इस अवसर पर टीएडी के सहायक निदेशक, दिनेश उपाध्याय सहित कलाकार उपस्थित रहे। संचालन व्याख्याता हर्षवदन सिंह सोलंकी ने किया।

## मुख्यमंत्री की प्रस्तावित यात्रा के मद्देनजर प्रभारी अधिकारी नियुक्त

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**डूंगरपुर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के जिले में बेणेश्वर धाम पर 16 मार्च 2026 को राजस्थान दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के सुचारू संपादन हेतु जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने आदेश जारी कर प्रभारी एवं सह प्रभारी नियुक्त कर आवश्यक निर्देश प्रदान किए हैं।

जारी आदेश के अनुसार सुरक्षा श्रेणी अनुसार सुरक्षा व्यवस्था, एस्कोर्ट, पायलट एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था के लिए जिला पुलिस अधीक्षक, कार्पेट व्यवस्था अधीक्षण अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, डूंगरपुर स्थानों पर कार्पेट व्यवस्था अधिशाषी अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग, प्रभारी अधिकारी, जिला पूल अनुभाग, कार्यालय स्टेट मोटर गैराज विभाग से प्रोटोकॉल के अनुरूप वाहन उपलब्ध कराने, समन्वय, प्रोटोकॉल कार्य हनुमान सिंह राठौड मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद, डूंगरपुर माननीय महोदय के प्रवास कार्यक्रमानुसार आगमन से प्रस्थान तक साथ रह कर समन्वय, प्रोटोकॉल कार्य तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश प्रदान किए गए हैं तथा आगमन एवं प्रस्थान के समय हेलीपेड स्थल बेणेश्वर धाम पर भी उपस्थित रहने, आवास व्यवस्था, भोजन एवं जलपान व्यवस्था जिला रसद अधिकारी, आवश्यकतानुसार प्रवर्तन अधिकारी, निरीक्षक को नियुक्त करने, अधीक्षण अभियंता जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, अधिशाषी अभियंता, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग मेजर प्रोजेक्ट, प्रबंधक, सर्किट हाउस, डूंगरपुर समस्त अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। चिकित्सा व्यवस्था एम्बुलेन्स मय चिकित्सक दल प्राचार्य, मेडिकल कॉलेज, अधीक्षक हरिदेव जोशी सामान्य चिकित्सालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डूंगरपुर, एम्बुलेंस मय विशेषज्ञ चिकित्सकीय टीम हेलीपेड स्थल बेणेश्वर धाम पर, कारकेड के साथ एवं सभा स्थल पर आवश्यक उपकरण एवं दवाईयों सहित के नजदीकी चिकित्सा संस्थान में बेड आरक्षित एवं समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने, फूड सेंपलिंग एवं टेस्टिंग व्यवस्था मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, हेलीपेड स्थल बेणेश्वरधाम पर आगमन एवं प्रस्थान के समय आवश्यक व्यवस्थाएं आयुक्त नगरपरिषद डूंगरपुर, डूंगरपुर हेलीपेड स्थल सफाई, पार्किंग, बेराकेडिंग एवं सुरक्षा, सेफहाउस एवं टेट व्यवस्था अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग, डूंगरपुर एवं अधिशाषी अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड बेणेश्वर धाम हेलीपेड स्थल एवं सभा स्थल पर नोर्म्स एवं सेफहाउस बनाकर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने, सफाई व्यवस्था हेलीपेड स्थल बेणेश्वर धाम एवं कारकेड रूट पर विकास अधिकारी साबला,फायर ब्रिगेड व्यवस्था आयुक्त नगर परिषद , विद्युत व्यवस्था अधीक्षण अभियंता अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, प्रचार प्रसार, कवरेज आदि कार्य सहायक निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, वाहन पार्किग व्यवस्था हेलीपेड स्थल एवं कार्यक्रम स्थल जिला पुलिस अधीक्षक, जिला परिवहन अधिकारी, यात्रा की संपूर्ण व्यवस्था व लाईजनिंग, समन्वय एवं प्रोटोकॉल कार्य अतिरिक्त जिला कलक्टर, कम्प्युटर प्रिन्टर, फैक्स मशीन इन्टरनेट सुविधा, कम्प्युटर ऑपरेटर की व्यवस्था संयुक्त निदेशक, डी,ओ,आई,टी डूंगरपुर (कार्यक्रम स्थल एवं सेफ हाउस), एयर क्रू हेतु वाहन व्यवस्था तहसीलदार साबला, भोजन एवं अन्य व्यवस्थाएं जिला रसद अधिकारी को निर्देशित किया है। इसी क्रम में अन्य समस्त प्रकार की व्यवस्थाओं के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्त करते हुए आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए हैं।

## आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा, केंद्रीय प्रभारी अधिकारी ने ली बैठक

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** भारत सरकार के नीति आयोग के आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्रीय प्रभारी अधिकारी श्री सुभाष चंद्र करोल ने शुक्रवार को जिला परिषद सभागार में समीक्षा बैठक लेते हुए जिले के चयनित आकांक्षी ब्लॉक खेरवाड़ा में संचालित कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। बैठक में आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम से संबंधित विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों, उपलब्धियों और आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की शुरूआत में जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिया डाबी तथा मुख्य आयोजना अधिकारी महावीर प्रसाद द्वारा जिले में आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम की प्रगति का विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। उन्होंने बताया कि नीति आयोग द्वारा



निर्धारित विभिन्न संकेतकों पर खेरवाड़ा में लगातार कार्य किया जा रहा है और विभागीय समन्वय के माध्यम से योजनाओं के बेहतर परिणाम सामने आ रहे हैं। बैठक में संपूर्णता अभियान के प्रथम चरण में प्राप्त उपलब्धियों की जानकारी भी दी गई। सीईओ डाबी ने बताया कि पहले चरण के दौरान स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं बुनियादी ढांचे से जुड़े कई लक्ष्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया गया। साथ ही वर्तमान में चल रहे द्वितीय चरण की गतिविधियों और निर्धारित लक्ष्यों की प्रगति से भी केंद्रीय प्रभारी अधिकारी को अवगत कराया गया।

## मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर जनजातीय क्षेत्रीय विकास विभाग एवं जिला प्रभारी मंत्री ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा





पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**डूंगरपुर ।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की 16 मार्च 2026 को प्रस्तावित बेणेश्वर धाम पर आगमन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को जनजातीय क्षेत्रीय विकास विभाग एवं जिला प्रभारी मंत्री श्री बाबूलाल खराड़ी ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया ।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने हेलीपैड स्थल, आमजन की बैठने की व्यवस्था, मंच निर्माण, पार्किंग, सुरक्षा प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, चिकित्सा सुविधा, स्वच्छता, बैरिकेडिंग तथा आपातकालीन व्यवस्थाओं सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए । उन्होंने संबंधित विभागों को समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित तरीके से सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि कार्यक्रम के दौरान आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

इस अवसर पर जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह एवं जिला पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने अब तक की गई तैयारियों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम को सफल एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के लिए विशेष योजना तैयार कर यातायात प्रबंधन, पार्किंग और आमजन की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए अलग-अलग सेक्टर बनाए जा रहे हैं।अधिकारियों ने निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के साथ-साथ आमजन की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता रहे।

## महावीर इंटरनेशनल उदयपुर केंद्र द्वारा विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 15 को

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** महावीर इंटरनेशनल उदयपुर केंद्र की ओर से भगवान महावीर जयंती के पावन अवसर पर महावीर इंटरनेशनल उदयपुर केंद्र एवं हेल्थ1 सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, शोभागपुरा के संयुक्त तत्वावधान में समाज के लोगों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अध्यक्ष रविंद्र सुराणा बताया कि यह शिविर रविवार, 15 मार्च को सुबह 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक हेल्थ1 सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, माधव विहार, शोभागपुरा, उदयपुर में आयोजित होगा। रविंद्र सुराणा ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य जैन समाज एवं शहरवासियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराना है। शिविर में निःशुल्क ओपीडी, बीपी एवं शुगर जांच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। रविंद्र सुराणा



ने बताया कि शिविर में उदयपुर के प्रसिद्ध चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे, जिनमें जनरल सर्जन डॉ. एस. पी. गुप्ता, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. राजन ढींगरा, ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. हेमंत खज्जा, सर्जिकल गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. मिलिंद अखानी, एनेस्थेसिया, क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ. साहिल चोपड़ा, अनुभवी डाइटिशियन डॉ. ललिता सुवालका तथा फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. पूनम जैन मरीजों को परामर्श देंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महावीर इंटरनेशनल के आर के चतुर के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। रविंद्र सुराणा ने महावीर इंटरनेशनल एवं जैन समाज के पदाधिकारियों ने समाज के सभी सदस्यों से अपील की है कि वे इस शिविर का लाभ उठाकर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाएं और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। इस प्रकार के शिविर समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और समय पर उपचार सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। रविंद्र सुराणा बताया कि महावीर इंटरनेशनल आम जन के बेहतर स्वास्थ्य के लिए कृत संकल्पित है है तथा जागरूकता के लिए प्रतिमाह शिविर आयोजित करता रहता है अब तक 12 शिविर आयोजित किए जा चुके है। इसी क्रम में 15 मार्च को ही विज्ञान समिति में भी एक विशाल स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर के लिए अपॉइंटमेंट या अधिक जानकारी के लिए +91 91191 18000 पर संपर्क किया जा सकता है।

## नगर निगम जयपुर द्वारा आयोजित किया जायेगा स्वच्छता सप्ताह

### 14 मार्च से 19 मार्च 2026 तक विभिन्न प्रकार की स्वच्छता संबंधी गतिविधियां होगी आयोजित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** नगर निगम जयपुर द्वारा 14 मार्च से 19 मार्च तक स्वच्छता सप्ताह का आयोजन किया जायेगा जिसके तहत विभिन्न प्रकार की स्वच्छता संबंधी गतिविधियां आयोजित की जायेंगीं। शनिवार को अल्बर्ट हॉल पर स्वच्छता संकल्प एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा, जिसका शुभारंभ माननीय मुख्यमंत्री महोदय भजनलाल जी शर्मा द्वारा किया जायेगा।

**ये रहेंगें प्रोग्राम:-**


- दिनांक 14 मार्च को समस्त जोन स्तर पर कार्य योजना बनाकर स्वच्छता सप्ताह की शुरूआत की जायेगी।
- दिनांक 15 मार्च को सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबन्ध, प्लास्टिक उत्पादों के उपायोग से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी जायेगी।
- प्लास्टिक कचरे से वेस्ट टू आर्ट की प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी साथ ही शपथ भी दिलवाई जायेगी।
- दिनांक 16 मार्च को सार्वजनिक/सामुदायिक/पिंक टॉयलेट की सफाई करवाई जायेगी।
- दिनांक 17 मार्च को सभी सरकारी/निजी संस्थानों में शौचालयों की साफ-सफाई एवं संचालन संधारण सुनिश्चित करवाया जायेगा।
- स्त्रोत पर ही पृथक्करण/सूखे गीले कचरे को अलग करवाना एवं
- सेन्टर्स पर वितरण कार्यक्रमों का आयोजन करवाया जायेगा।
- सामुदायिक/धार्मिक स्थल/पर्यटक स्थली की सफाई एवं श्रमदान किया जायेगा।
- दुकानों/होटल/रिसोर्ट आदि में कचरा पात्र की व्यवस्था सुनिश्चित करवाना।
- दिनांक 18 मार्च को सार्वजनिक स्थानों से कीचड/गन्दगी की सफाई एवं नालियों की सफाई हेतु श्रमदान किया जायेगा।
- जलाषयों की सफाई हेतु श्रमदान किया जायेगा।
- दिनांक 19 मार्च को स्कूल के छात्रों को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 हेतु जागरूक करवाया जायेगा।
- सेनेट्री वेडिग मशीन एवं इंसीनिरेटर के उपयोग की जानकारी दी जायेगी।
- स्वयं सहायता समूह, एनजीओ के सहयोग से रैलियों का आयोजन करवाया जायेगा।

### जिला स्तरीय जनसुनवाई 19 को

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** आमजन की परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण को लेकर त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत जिला स्तरीय जनसुनवाई माह के तृतीय गुरुवार 19 मार्च को जिला कलक्टर की अध्यक्षता में राजस्थान संपर्क आईटी केंद्र एवं कलक्ट्रेट मिनी सभागार में होगी।

## रतलाम के डायल 112 हीरोज: सड़क दुर्घटना में घायल सात लोगों को समय पर पहुँचाया अस्पताल

**भोपाल @ पदमावत मीडिया।** रतलाम जिले के थाना बड़ावदा क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में घायल हुए लोगों को डायल-112 जवानों की त्वरित कार्रवाई से समय पर अस्पताल पहुँचाकर उपचार उपलब्ध कराया गया। डायल-112 टीम की तत्परता से घायलों



को शीघ्र उपचार मिल सका। 12 मार्च को राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल को सूचना प्राप्त हुई कि थाना बड़ावदा क्षेत्र में बाबा फरीद दरगाह के पास तूफान गाड़ी और मिनी लोडिंग वाहन की आमने-सामने भिड़ंत हो गई है, जिससे कई लोग घायल हो गए हैं। सूचना प्राप्त होते ही तत्काल एफआरव्ही-13 को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। मौके पर पहुँचकर आरक्षक श्री अंतर सिंह एवं पायलट श्री अंकित परमार ने पाया कि तूफान गाड़ी और मिनी लोडिंग वाहन की भिड़ंत में सात व्यक्ति घायल हो गए थे। स्थिति को देखते हुए डायल-112 जवानों ने त्वरित कार्यवाही करते हुए सभी घायलों को एफआरव्ही वाहन की सहायता से सिविल अस्पताल जावरा पहुँचाकर भर्ती कराया, जहाँ उनका उपचार किया जा रहा है। डायल 112 हीरोज श्रृंखला के अंतर्गत यह घटना दर्शाती है कि मध्यप्रदेश पुलिस हर आपात स्थिति में आमजन की सहायता और जीवन रक्षा के लिए सदैव सजग और समर्पित है।

## खबर संक्षेप

### गैस एजेंसियों पर प्रशासन की टीमों का औचक निरीक्षण

**राजसमंद @ पदमावत मीडिया।** वर्तमान वैश्विक परिदृश्य के मध्यनजर जिले में घरेलू कुकिंग गैस (एलपीजी) की निर्बाध आपूर्ति



सुनिश्चित करने तथा जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए प्रशासन निरंतर निगरानी बनाए हुए है। जिला कलक्टर की ओर से जिले में पदस्थापित सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को अपने-अपने क्षेत्र में संचालित गैस एजेंसियों की नियमित जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए संयुक्त जांच दलों का गठन किया गया है, जो गैस एजेंसियों का निरीक्षण कर एलपीजी की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित कर रहे हैं। शुक्रवार को जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा के निर्देशन में एडीएम नरेश बुनकर, एसडीएम बृजेश गुप्ता, डीएसओ विजय सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने अलग-अलग गेस एजेंसियों पर जाकर औचक निरीक्षण किया और पाबंद किया कि किसी भी हाल में कालाबाजारी न हो, अन्यथा कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। प्रशासन द्वारा गैस एजेंसी धारकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि एलपीजी की आपूर्ति में किसी प्रकार की बाधा नहीं आने दी जाए तथा किसी भी प्रकार की जमाखोरी या कालाबाजारी नहीं की जाए। कलक्टर ने बताया है कि वर्तमान में घरेलू एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और जिले में गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य और निर्बाध रूप से जारी है। उपभोक्ताओं को घबराने या अनावश्यक बुकिंग करने की आवश्यकता नहीं है। उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 02952-220569 है, जो प्रतिदिन 24 घंटे कार्यरत रहेगा। साथ ही घरेलू गैस आपूर्ति में किसी प्रकार की परेशानी या सिलेंडरों के संबंध में किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना मिलने पर उपभोक्ता हेल्पलाइन नंबर 112, 14435 और 181 पर शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

### पेयजल संकट से निपटने के लिए जिला प्रशासन मुस्तैद

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** आगामी ग्रीष्म ऋतु 2026 के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में सुचारू पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। जिला कलेक्टर नमित मेहता ने आदेश जारी कर खराब पड़े हैंडपंपों के तत्काल सर्वे और मरम्मत के लिए विशेष कमेटियों का गठन किया है। आदेशानुसार पेयजल व्यवस्था की निगरानी के लिए उपखण्ड और ग्राम स्तर पर समितियां बनाई गई हैं। उपखण्ड स्तरीय में संबंधित उपखण्ड अधिकारी, विकास अधिकारी और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सहायक अभियंता शामिल होंगे। वहीं ग्राम स्तरीय कमेटी में संबंधित ग्राम विकास अधिकारी और पटवारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सर्वे और मरम्मत की पूरी प्रक्रिया की मॉनिटरिंग के लिए एक गूगल शीट भी जारी की गई है। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे सर्वे और मरम्मत का विवरण नियमित रूप से इस डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दर्ज करें। गठित कमेटियों को 3 दिन के भीतर सर्वे कार्य पूरा कर खराब हैंडपंपों को चिन्हित करना होगा। इसके पश्चात, चिन्हित किए गए हैंडपंपों की मरम्मत 72 घंटे के भीतर सुनिश्चित की जाएगी ताकि आमजन को राहत मिल सके।

### मेवाड़ की संस्कृति के रंग में रंगी फ्रांसीसी कलाकार

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान की समृद्ध लोक संस्कृति और परंपराएं सात समंदर पार के कलाकारों को भी अपना कायल बना रही हैं। इसी क्रम में फ्रांस की प्रसिद्ध कलाकार ऐना लॉरे पूलां ने शुक्रवार को उदयपुर के हर्ष नगर में पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ दशा माता की पूजा-अर्चना की। ऐना लॉरे, विरासत फोक डांस एंड पपेट शो की संचालिका विजयलक्ष्मी आमेटा के साथ उनके निवास के समीप स्थित मंदिर पहुंचीं। भारतीय संस्कृति के प्रति अपनी गहरी रुचि दिखाते हुए ऐना सुबह 5 बजे ही उठकर पारंपरिक परिधानों में तैयार हुईं। हाथों में पूजा की थाली लेकर उन्होंने पीपल के वृक्ष की परिक्रमा की और दशा माता की कथा सुनकर अपने परिवार की सुख-समृद्धि और मंगल की कामना की। भारतीय त्योहारों को करीब से जानने की उत्सुकता में ऐना ने इससे पहले शीतला सप्तमी के पर्व पर भी हिस्सा लिया था। उन्होंने न केवल पूजा की विधि समझी, बल्कि इस दिन खाए जाने वाले पारंपरिक ठंडा भोजन (बास्योड़ा) के महत्व और उससे जुड़ी मान्यताओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी प्राप्त की। विजयलक्ष्मी आमेटा ने बताया कि विदेशी कलाकारों का हमारी संस्कृति और रीति-रिवाजों के प्रति ऐसा समर्पण यह दर्शाता है कि मेवाड़ की विरासत वैश्विक स्तर पर अपनी अमिट छाप छोड़ रही है।

## मंडला 2026 में पॉश अधिनियम पर कार्यशाला

# आईसीसी की भूमिका, सक्षम पोर्टल और अनुपालन पर विस्तृत मार्गदर्शन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** मंडला 2026 : प्लेसेंटली इन्क्लूसिव के पाँचवें दिन मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन केंद्र द्वारा पॉश (पीओएसएच) अधिनियम, 2013- कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध एवं निवारण) पर केंद्रित कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जतन संस्थान, उदयपुर तथा आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी), मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के संयुक्त सहभाग से आयोजित हुआ। कार्यशाला का उद्देश्य विश्वविद्यालय एवं उससे संबद्ध महाविद्यालयों में सुरक्षित, सम्मानजनक और समावेशी कार्य-पर्यावरण सुनिश्चित करने के कानूनी प्रावधानों, संस्थागत जिम्मेदारियों और व्यावहारिक प्रक्रियाओं पर विस्तार से चर्चा करना था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार में महिला एवं बाल विकास विभाग की राज्य मंत्री प्रो. मंजू बाघमार रहीं। प्रो मंजू बाघमार ने कानून की उत्पत्ति, इसकी आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कहा कि कार्यस्थल हो या बाहर कहीं भी महिलाओं को सुरक्षित वातावरण मुहैया करना हमारी जिम्मेदारी ।

कुलगुरु ने कहा कि छात्राओं को और महिलाओं को लैंगिक उत्पीड़न होने पर प्रथम बार में ही बोलना चाहिए , दो तीन बार चुप हों



जाने से सामने वाले का मन बढ़ जाता है। लैंगिक असमानता मिटाने के लिए प्रशासनिक दृढनिश्चय की आवश्यकता। मुख्य वक्ता के रूप में प्रो गायत्री तिवारी ने कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न न हो इस पर प्रकाश डाला। पॉश अधिनियम की न्यायिक व्याख्याओं और उच्च न्यायालय/उच्चतम न्यायालय के प्रमुख फैसलों के संदर्भ में महत्वपूर्ण बिंदुओं को रेखांकित किया। कुलपति, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में महिला अध्ययन केंद्र की निदेशक प्रो. सुधा चौधरी, आंतरिक शिकायत समिति के संयोजक प्रो. दिग्विजय भटनागर, अधिष्ठाता प्रो एम एस राठौर सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। सत्र के दौरान विस्तार से बताया गया कि किसी भी संस्थान में आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) किस प्रकार गठित की जाती है। समिति में आंतरिक व बाह्य सदस्यों की संरचना कैसी हो, लैंगिक संतुलन कैसे सुनिश्चित हो, और समिति के सदस्यों के लिए संवेदनशीलता एवं क्षमता-निर्माण का प्रशिक्षण क्यों अनिवार्य है। प्रतिभागियों को यह भी समझाया गया कि आईसीसी की प्रमुख जिम्मेदारी केवल शिकायत प्राप्त कर कार्रवाई करना नहीं, बल्कि पूर्व-रोकथाम, जागरूकता कार्यक्रम, ओरिएंटेशन, पोस्टर/सर्कुलर के माध्यम से सूचना-प्रसार, तथा कार्यस्थल की संस्कृति को सम्मानजनक और सुरक्षित बनाना भी है।

कार्यशाला में सक्षम पोर्टल की प्रक्रिया पर विशेष सत्र रखा गया, जिसमें चरणबद्ध तरीके से बताया गया कि संस्थान कैसे पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करते हैं, वार्षिक अनुपालन रिपोर्ट किस प्रकार भरी जाती है, और यह कैसे सुनिश्चित किया जाए कि विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी महाविद्यालयों में पॉश अधिनियम के प्रावधानों का पालन हो रहा हो। प्रतिभागियों को यह दिखाया गया कि शिकायतों, जागरूकता कार्यक्रमों, आईसीसी बैठकों और प्रशिक्षण गतिविधियों का डाटा कैसे संकलित कर पोर्टल पर अपलोड किया जाए, ताकि कानूनी अनुपालन के साथ-साथ पारदर्शिता भी बनी रहे।

वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि विश्वविद्यालय प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वह सभी संकायों एवं संबद्ध महाविद्यालयों में आईसीसी का गठन, उसका सक्रिय होना, तथा समय-समय पर रिपोर्टिंग और समीक्षा सुनिश्चित करे। इस संदर्भ में सुझाव दिया गया कि हर कॉलेज में पॉश अधिनियम के बारे में सूचना-पट्ट, वेबसाइट लिंक, पोस्टर, हैंडबुक और जन-जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएँ, ताकि छात्र-छात्राएँ, शिक्षक और कर्मचारी अपने अधिकारों और प्रक्रियाओं से भली-भांति परिचित रहें।

इसी अवसर पर महिला अध्ययन केंद्र, उदयपुर द्वारा पॉश एक्ट पर तैयार की गई हैंडबुक का विमोचन भी किया गया। यह हैंडबुक हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध है, ताकि अधिक से अधिक लोग इसे आसानी से समझ सकें। इसमें अधिनियम की मूल धाराएँ, यौन उत्पीड़न की परिभाषा, शिकायत दर्ज करने के चरण, आईसीसी की कार्यवाही की रूपरेखा, सामान्य प्रश्नोत्तर (एफएक्यू) और उपयोगी संसाधन संक्षिप्त और व्यावहारिक शैली में संकलित हैं। हैंडबुक, एफएक्यू तथा अन्य आवश्यक जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर सार्वजनिक रूप से अपलोड की गई है, ताकि विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध सभी महाविद्यालयों के शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को एक ही स्थान पर प्रमाणिक जानकारी उपलब्ध हो सके।

प्रश्नोत्तर और केस-स्टडी आधारित संवाद के दौरान प्रतिभागियों ने वास्तविक परिस्थितियों से जुड़े सवाल रखे। जैसे अनाम शिकायत, गवाहों की सुरक्षा, झूठी शिकायत के प्रावधान, और ऑनलाइन/हाइब्रिड कार्यस्थल पर पॉश अधिनियम का लागू होना - जिन पर विशेषज्ञों ने विस्तार से मार्गदर्शन दिया। आयोजकों ने बताया कि मंडला 2026 के अंतर्गत आयोजित यह कार्यशाला विश्वविद्यालय परिसर में लैंगिक न्याय, सुरक्षा और सम्मान की संस्कृति को न केवल संवैधानिक और कानूनी स्तर पर, बल्कि व्यवहार और दृष्टिकोण के स्तर पर भी मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्यशाला में 140 शिक्षकों और विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन किया था।

## 51 जोड़ों का बसेगा संसार: नारायण सेवा संस्थान में आज से दो दिवसीय दिव्यांग एवं निर्धन सामूहिक विवाह

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** नारायण सेवा संस्थान के सेवा महातीर्थ, बड़ी परिसर में दो दिवसीय 45वां निःशुल्क दिव्यांग एवं निर्धन सामूहिक विवाह समारोह आज से शुरू हो गया। समारोह में देश के विभिन्न राज्यों से आए 51 जोड़े वैदिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह बंधन में बंधेंगे और अपने नए जीवन की शुरूआत करेंगे।

समारोह के पहले दिन पारंपरिक विधि-विधान के साथ विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विवाह समारोह में शामिल कई वर-वधू ऐसे भी हैं, जिनका निःशुल्क उपचार, ऑपरेशन, कृत्रिम अंग अथवा सहायक उपकरण संस्थान द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं। संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि समारोह के दूसरे दिन सभी जोड़े वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पवित्र अग्नि के सात फेरे लेकर दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करेंगे। साथ ही नवदंपतियों को गृहस्थी के उपयोग की आवश्यक सामग्री भी भेंट की जाएगी। दो दिवसीय



इस आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों से आए अतिथि, समाजसेवी और दानदाता भी शामिल हो रहे हैं। इन्हीं जोड़ों में एक जोड़ी मधु भोई और संतोष कुमार लोढ़ा की भी है, जिनकी कहानी संघर्ष और उम्मीद की मिसाल है। उदयपुर के शास्त्री नगर-खेमपुरा निवासी मधु भोई बाएँ पैर से दिव्यांग हैं, लेकिन उनके हौसले मजबूत हैं। वे शहर में संचालित एक ब्यूटी पार्लर में कार्य कर आत्मनिर्भर जीवन जी रही हैं। परिवार में माता प्रेम बाई, भाई और चार बहनें हैं, जबकि पिता कन्हैया लाल का देहांत हो चुका है। सीमित संसाधनों और आर्थिक अभाव के बावजूद मधु ने कभी हार नहीं मानी और अपने परिवार का सहारा बनी रहीं। वहीं मध्यप्रदेश के इंदौर जिले के नौलाना ग्राम निवासी संतोष कुमार लोढ़ा भी जीवन की कठिनाइयों से जूझते हुए आगे बढ़े हैं। जन्म के छह माह बाद उन्हें पैरालिसिस हो गया था, लेकिन पिता रमेश चंद्र और माता भागू बाई ने हर परिस्थिति में उनका साथ दिया और उन्हें शिक्षा से जोड़े रखा। आज संतोष एक स्कूल में शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं और सम्मानजनक जीवन जी रहे हैं।

दिव्यांगता और आर्थिक परिस्थितियों के कारण दोनों का विवाह लंबे समय तक नहीं हो पा रहा था। इसी दौरान एक कार्यक्रम में दोनों की मुलाकात हुई। एक-दूसरे के संघर्ष और आत्मविश्वास को समझते हुए दोनों के बीच बातचीत बढ़ी और अंततः उन्होंने जीवनसाथी बनने का निर्णय लिया।

अब नारायण सेवा संस्थान के सामूहिक विवाह समारोह में मधु और संतोष सहित 51 जोड़े नए जीवन की शुरूआत करने जा रहे हैं। यह आयोजन केवल विवाह नहीं, बल्कि उन सपनों के साकार होने का उत्सव है, जहां संघर्ष, आत्मनिर्भरता और सच्चे साथ के सहारे 51 नए परिवार बसने जा रहे हैं।

## राष्ट्रीय लोक अदालत आज

### सुबह 10 से शाम 5 बजे तक लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार वर्ष 2026 की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत शनिवार 14 मार्च को आयोजित होगी। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश गुप्ता (जिला एवं सत्र न्यायाधीश) के निर्देशन में उदयपुर में लोक अदालत को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। राष्ट्रीय लोग अदालत शनिवार को प्रातः 10 से सांय 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एडीजे कुलदीप शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकाधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों के निस्तारण हेतु आवश्यक तैयार कर ली गई है। राजस्व न्यायालयों में भी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। प्रकरणों के निस्तारण के लिये बैंचो का गठन कर लिया गया है। राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन प्रकरण के तहत धारा 138 परक्राम्य विलेख अधिनियम, धन वसूली, श्रम एवं नियोजन संबंधी विवाद, बिजली, पानी एवं अन्य बिल भुगतान से संबंधित (अशमनीय के अलावा प्रकरण), भरण-पोषण से संबंधित प्रकरण, राजस्व विवाद, पैमाइश एवं डिवीजन ऑफ होल्डिंग सहित, सिविल विवाद, सर्विस मैटर्स, उपभोक्ता विवाद, अन्य राजीनामा योग्य विवाद (जो अन्य अधिकरणों/आयोगों/मंचो/आथॉरिटी/ प्राधिकारियों के क्षेत्राधिकार से संबधित है ) का निस्तारण किया जाएगा। साथ ही न्यायालय में लंबित प्रकरणों में राजीनामा योग्य फौजदारी प्रकरण, धारा 138 परक्राम्य विलेख अधिनियम (एन. आई. एक्ट ), धन वसूली, एम.ए.सी.टी. के प्रकरण, श्रम एवं नियोजन संबंधी विवाद एवं कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम के प्रकरण, बिजली, पानी एवं अन्य बिल भुगतान से संबंधित प्रकरण ( अशमनीय के अलावा ), पारिवारिक विवाद (तलाक को छोड़कर), भूमि अधिग्रहण से संबंधित प्रकरण, सभी प्रकार के सर्विस मैटर्स (पदोन्नति एवं वरिष्ठता विवाद के मामलों के अलावा ), सभी प्रकार के राजस्व मामले, पैमाइश एवं डिविजन ऑफ हौल्डिंग सहित, वाणिज्यिक विवाद, बैंक के विवाद, गैर सरकारी शिक्षण संस्थान के विवाद, सहकारिता संबधी विवाद, स्थानीय निकाय (विकास प्राधिकरण/नगर निगम, आदि ) के विवाद, रियल स्टेट सम्बधी विवाद, रेलवे क्लेम्स संबधी विवाद, आयकर संबधी विवाद, निषेधाज्ञा, घोषणा, क्षतिपूर्ति एवं विनिर्दिष्ट पालना के दावे), अन्र राजीनामा योग्य ऐसे मामले जो अन्य अधिकरणों/ आयोगों, मंचो/आर्थोरिटी/ प्राधिकारियों के समक्ष लंबितप्रकरणों का निस्तारण किया जाएगा।

## गैस एजेंसियों के साथ प्रशासन-पुलिस की बैठक आयोजित

# घरेलू एलपीजी की नियमित और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करें सुनिश्चित: एसपी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**राजसमंद।** शुक्रवार को जिले में घरेलू एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा जमाखोरी-कालाबाजारी पर रोक लगाने के उद्देश्य से एसपी ममता गुप्ता और एडीएम नरेश बुनकर की अध्यक्षता में सभी गैस एजेंसी संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम बृजेश गुप्ता, जिला रसद अधिकारी विजय सिंह सहित एलपीजी तेल कंपनियों के प्रतिनिधि के रूप में सेल्स ऑफिसर मौजूद रहे। बैठक के दौरान एसपी और एडीएम ने सभी गैस एजेंसी संचालकों को घरेलू एलपीजी की नियमित और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही किसी भी प्रकार की जमाखोरी या कालाबाजारी नहीं करने के सख्त निर्देश दिए गए। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया कि उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराना एजेंसियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है तथा इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जिले में एलपीजी आपूर्ति व्यवस्था की सतत निगरानी के लिए तहसीलदारों और थानाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में संचालित गैस एजेंसियों की नियमित जांच के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए संयुक्त जांच दलों का गठन किया गया है, जो गैस एजेंसियों का निरीक्षण कर आपूर्ति व्यवस्था का परीक्षण करेंगे। बैठक में एलपीजी तेल कंपनियों के सेल्स ऑफिसर ने बताया कि जिले में घरेलू एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य एवं



सुचारू रूप से जारी है। उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी होने की आवश्यकता नहीं है।

एडीएम नरेश बुनकर ने बताया कि उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 02952-220569 है, जो प्रतिदिन 24 घंटे कार्यरत रहेगा। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि गैस आपूर्ति से संबंधित किसी भी समस्या या शिकायत की जानकारी नियंत्रण कक्ष को दें, ताकि त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### जनजाति छात्रावास व आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 22026-27 के लिए विभागीय छात्रावासों एवं आवासीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। विभाग द्वारा जारी संशोधित आदेश के अनुसार विद्यार्थी विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार जनजाति छात्रावास व आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन के लिए पोर्टल 21 फरवरी 2026 से शुरू हो चुका हैं, जबकि आवेदन करने की अंतिम तिथि 19 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए विद्यालय स्तर पर प्रवेश परीक्षा का आयोजन 24 मार्च 2026 को किया जाएगा तथा परीक्षा के प्राप्तांक 26 मार्च तक पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे। इसी प्रकार खेल छात्रावासों में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों का चयन ट्रायल 24 से 25 मार्च 2026 तक आयोजित होगा और ट्रायल में प्राप्त अंकों को भी 26 मार्च तक पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। इसके बाद 30 मार्च 2026 को ऑनलाइन वरीयता सूची जारी कर छात्रों को छात्रावास अथवा आवासीय विद्यालयों का आवंटन किया जाएगा।

## सफलता की कहानी

### गोबर गैस प्लांट के उपयोग से किसान द्वारा स्वच्छ ऊर्जा की ओर एक सफल कदम





पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**भीलवाड़ा ।** भीलवाड़ा जिले के फूलिया कलाँ क्षेत्र के एक प्रगतिशील भज्जा जी बैरवा के पुत्र किसान रतन लाल बैरवा ने राजस्थान सरकार एवं कृषि विभाग के सहयोग से अपने घर पर स्वच्छ ऊर्जा को अपनाने के उद्देश्य से 26 जनवरी को सिस्टमा बायो कंपनी द्वारा सिस्टमा BIO-8 बायोगैस प्लांट स्थापित किया यह प्लांट फूलिया कलाँ किसान उत्पादक सगंठन के सहयोग से लगाया जिसकी कुल लागत 49,500 रही। किसान रतनलाल के पास 3 गायें और 2 भेड़ें हैं, जिनसे प्रतिदिन गोबर प्राप्त होता है। इसी गोबर को बायोगैस प्लांट में उपयोग किया जाता है, जिससे ऊर्जा उत्पादन के साथ-साथ जैविक खाद भी प्राप्त होती है। इससे खेतों में रासायनिक खाद पर निर्भरता कम हो रही है। सिस्टमा BIO-8 बायोगैस प्लांट मटेरियल से बना हुआ है जिसकी अनुमानित आयु 10 वर्षों से अधिक है। यह प्लांट 2.5 घन मीटर क्षमता का है, जो प्रति माह लगभग 26.72 किलोग्राम मीथेन गैस का उत्पादन करता है। यह उत्पादन लगभग 2 छढ्ड्ढ गैस सिलेंडर के बराबर है। इस गैस का उपयोग किसान के परिवार द्वारा दैनिक भोजन बनाने में किया जा रहा है, जिससे घरेलू खर्च में काफी बचत हो रही है। यह सयंत्र मजबूत प्लास्टिक से बना हुआ है। इसमें गोबर और पानी मिलाकर मिश्रण तैयार किया जाता है। मौसम के अनुसार फीडिंग की मात्रा अलग-अलग रखी जाती है। किसान रतनलाल ने बताया कि गर्मी में 60 किलोग्राम गोबर और 120 लीटर पानी, सर्दियों में 30 किलोग्राम गोबर और 60 लीटर पानी, वर्षा ऋतु में 40 किलोग्राम गोबार और 80 लीटर पानी की मात्रा रखी जाती है। कृषक ने कहा पाइप से तैयार जैविक स्लरी बाहर निकलती है, जो कि खेतों के लिए बहुत उपयोगी जैव उर्वरक है। किसान रतनलाल ने बताया कि इस गोबर प्लांट लगने के कारण मेरें घर पर गैस सिलेंडर पर खर्च में बचत, स्वच्छ और धुआँ रहित ईंधन, गोबर का बेहतर उपयोग, खेतों के लिए जैविक खाद, पर्यावरण संरक्षण में योगदान हो रहा है।

## खबर संक्षेप

### सांसद के प्रयासों से मेड़ता रोड-रतनगढ़ रेल सेवा को नियमित संचालन की मंजूरी



**राजसमंद @ पदमावत मीडिया।** राजसमंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ के प्रयासों से क्षेत्रवासियों को महत्वपूर्ण रेल सुविधा प्राप्त हुई है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा प्रेषित पत्र के माध्यम से जानकारी दी गई है कि जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष रेलगाड़ी संख्या 04851/04852 मेड़ता रोडझरतनगढ़ के नियमित संचालन को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। अब यह रेल सेवा गाड़ी संख्या 74827/74828 मेड़ता रोड-रतनगढ़ के रूप में नियमित रूप से संचालित की जाएगी। सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने इस रेल सेवा को नियमित रूप से संचालित करने की मांग को लेकर पूर्व में रेल मंत्री से मुलाकात कर क्षेत्र की जनता की आवश्यकता को प्रमुखता से उठाया था। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से मारवाड़ सहित आसपास के क्षेत्रों के हजारों यात्रियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस रेल सेवा के नियमित संचालन से व्यापार, शिक्षा, चिकित्सा तथा रोजगार से जुड़े लोगों को भी विशेष लाभ मिलेगा। साथ ही क्षेत्रीय कनेक्टिविटी मजबूत होने से स्थानीय विकास को भी गति मिलेगी। सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से राजसमंद लोकसभा क्षेत्र में रेल सुविधाओं के विस्तार के लिए उनके प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में भी क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप नई रेल सेवाएं तथा आधारभूत ढांचे के विकास से जुड़े कार्यों को स्वीकृति मिलती रहेगी।

### बिजली मित्र ऐप से नए कनेक्शन, बिल भुगतान और शिकायत सहित अन्य सुविधाएं ऑनलाइन

**डूंगरपुर @ पदमावत मीडिया।** जिले के समस्त विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु अधिकांश सेवाओं को ऑनलाइन माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा है। अधीक्षण अभियंता अविविनिलि, डूंगरपुर ने बताया कि वी.के. गुप्ता ने बताया उपभोक्ता बिजली मित्र मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से घर बैठे ही विभिन्न विद्युत सेवाओं का लाभ ले सकते हैं। इस एप के माध्यम से उपभोक्ता नए विद्युत कनेक्शन हेतु आवेदन, बिल देखना एवं ऑनलाइन भुगतान, शिकायत दर्ज करना, लोड परिवर्तन, श्रेणी परिवर्तन सहित अन्य सेवाओं का उपयोग आसानी से कर सकते हैं। नए विद्युत कनेक्शन के लिए आवश्यक मांग पत्र (डीमांड नोट) भी अब ऑनलाइन जारी किया जाएगा तथा इसकी सूचना उपभोक्ता के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर उपलब्ध करवाई जाएगी। इसी प्रकार नए कनेक्शन हेतु आवश्यक लाइन का एस्टीमेट (इस्टीमेट) भी ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से तैयार किया जाएगा, जिससे उपभोक्ताओं को कार्यालय में भौतिक फाइल लेकर बार-बार चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। यदि किसी उपभोक्ता को ऑनलाइन सेवाओं के उपयोग में किसी प्रकार की समस्या या तकनीकी कठिनाई आती है, तो वे सम्बंधित सहायक अभियंता कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। आवश्यकता होने पर उपभोक्ता अधिशासी अभियंता कार्यालय अथवा अधीक्षण अभियंता कार्यालय, डूंगरपुर में भी संपर्क कर सकते हैं। विद्युत विभाग द्वारा सभी उपभोक्ताओं से अपील है कि वे बिजली मित्र एप्लीकेशन डाउनलोड करे एवं इन ऑनलाइन सुविधाओं का अधिकाधिक उपयोग करें, जिससे सेवाएं अधिक पारदर्शी, त्वरित एवं सुगम रूप से उपलब्ध कराई जा सकें। बिजली मित्र ऐप उपभोक्ताओं के लिए एक सरल, डिजिटल प्लेटफॉर्म है जिससे अधिकांश बिजली संबंधी कार्य घर बैठे किए जा सकते हैं।

### पेंशन प्रकरण की परिवेदनाओं के निस्तारण हेतु पेंशन अदालत 27 अप्रैल को

**भीलवाड़ा @ पदमावत मीडिया।** पेंशन निदेशालय जयपुर द्वारा 27 अप्रैल, 2026 को पेंशन अदालत का संभाग स्तर पर आयोजन किया जायेगा। कोषाधिकारी डॉ. टीना रोलानियां ने बताया कि पेंशनर्स एवं पारिवारिक पेंशनर्स के पेंशन प्रकरण प्रस्तुत करने में आ रही प्रक्रियात्मक समस्याओं के समाधान के लिए पेंशन अदालत का आयोजन किया जा रहा है। पेंशनर्स, पारिवारिक पेंशनर्स एवं 31 मार्च तक सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों को पेंशन प्रकरण प्रस्तुत करने में आ रही समस्या के निराकरण हेतु निर्धारित प्रारूप में दिनांक 25.03.2026 तक कोष कार्यालय अथवा संबंधित उपकोष कार्यालय में परिवेदनाएं प्रस्तुत सकेंगे।

## महिलाएं समाज और राष्ट्र की प्रगति की आधारशिला

# विकसित भारत-विकसित राजस्थान में आधी आबादी की अहम भूमिका : मुख्यमंत्री

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि महिलाएं केवल परिवार की धुरी ही नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाने की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत और विकसित राजस्थान की संकल्पना महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के बिना संभव नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप राज्य सरकार महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से निरंतर कार्य कर रही है।











मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित कार्यक्रम में महिला स्टार्टअप उद्यमियों, रेडियो जॉकी, विभिन्न सरकारी विभागों में कार्यरत महिला अधिकारियों, आरएएस सहित प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित छात्राओं, लखपति दीदी, समाजसेवी महिलाओं, मुख्यमंत्री कार्यालय एवं निवास पर कार्यरत महिला सुरक्षाकर्मियों और कर्मचारियों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल कर रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र और राज्य की डबल इंजन सरकार महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रभावी नीतियों और योजनाओं का निर्माण कर रही है। लखपति दीदी योजना के तहत प्रदेश में अब तक 16 लाख से अधिक महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा चुका है। इसके साथ ही सोलर दीदी और बैंक सखी जैसी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान कर राजनीति में उनकी भागीदारी को भी सशक्त किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत अब तक 6 लाख से अधिक बालिकाओं को लाभान्वित किया गया है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और मा वाउचर योजना सहित कई योजनाओं के माध्यम से महिलाओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा को मजबूत किया जा रहा है। इसके अलावा 1 लाख 39 हजार स्वयं सहायता समूहों को 679 करोड़ रुपये की आजीविका सहायता उपलब्ध कराई गई है। मुख्यमंत्री एकल नारी सम्मान पेंशन योजना के तहत 19 लाख से अधिक महिला पेंशनरों को 6 हजार 876 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की जा चुकी है, वहीं मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत 27 हजार से अधिक कन्याओं के विवाह के लिए लगभग 101 करोड़ रुपये की सहायता दी गई है।

संवाद कार्यक्रम के दौरान विभिन्न जिलों से आई महिलाओं ने अपने अनुभव भी साझा किए। ब्यावर की सोनिया वर्मा ने महिला स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों के लिए राज्य सरकार का आभार जताया और सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए शुरू की गई एचपीवी वैक्सीन पहल की सराहना की। हनुमानगढ़ की मधु राठौड़ ने अपनी सफलता की कहानी साझा करते हुए बताया कि सरकारी योजनाओं से उन्हें आगे बढ़ने का अवसर मिला है।

डॉ. कृति भारती ने बाल विवाह रोकथाम के लिए किए जा रहे अपने प्रयासों की जानकारी दी और कहा कि वे समाज में जागरूकता फैलाने के लिए लगातार कार्य कर रही हैं। वहीं डीडवाना-कुचामन की बाली देवी ने बताया कि राजीविका के माध्यम से बैंक सखी बनकर उन्होंने न केवल स्वयं को आत्मनिर्भर बनाया बल्कि अन्य महिलाओं को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं और छात्राओं ने राज्य सरकार की योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि महिला सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को लेकर सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। महिला उद्यमियों ने भी बताया कि राजीविका के माध्यम से वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के साथ-साथ अन्य लोगों को रोजगार उपलब्ध कराकर प्रदेश और देश के विकास में योगदान दे रही हैं।

## मुंबई पुलिस की सराहनीय पहल: चोरी व गुम हुए 1.91 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के मोबाइल, सोना-चांदी और नकदी पीड़ितों को लौटाई

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**मुंबई।** बृहन्मुंबई पुलिस आयुक्त देवेन भारती की पहल पर शुक्रवार को पुलिस आयुक्तालय के परिमंडल-7 अंतर्गत आने वाले आठ पुलिस थानों द्वारा एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर चोरी और गुम हुए मामलों में बरामद की गई करोड़ों रुपये की संपत्ति संबंधित पीड़ितों को वापस सौंपी गई। कार्यक्रम के तहत घाटकोपर, पंतनगर, विक्रोली, पार्कसाइट, भांडुप, कांजुरमार्ग, मुलुंड और नवघर पुलिस थानों द्वारा विभिन्न मामलों की जांच के दौरान बरामद की गई संपत्ति शिकायतकर्ताओं को लौटाई गई। पुलिस ने जबरी चोरी, घरफोड़, मोबाइल चोरी तथा अन्य चोरी और




गुमशुदगी के मामलों में बरामद कुल 1087 मोबाइल फोन, 23 तोला सोना, 2 किलोग्राम चांदी और नकद राशि सहित कुल 1 करोड़ 91 लाख 77 हजार रुपये मूल्य की संपत्ति बरामद की थी।

यह संपत्ति शुक्रवार 13 मार्च 2026 को मुलुंड में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त पूर्व प्रादेशिक विभाग चेंबूर डॉ. महेश पाटिल के हाथों संबंधित फरियादियों और शिकायतकर्ताओं को सौंप दी गई।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान जिन लोगों की चोरी या गुम हुई संपत्ति उन्हें वापस मिली, उन्होंने संतोष व्यक्त करते हुए मुंबई पुलिस के कार्य की सराहना की और पुलिस का आभार जताया।

मुंबई पुलिस की इस पहल को आमजन के बीच भरोसा बढ़ाने वाली महत्वपूर्ण कार्रवाई माना जा रहा है, जिससे लोगों में यह विश्वास मजबूत हुआ है कि पुलिस अपराधों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए लगातार प्रयासरत है।

## कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु डयूटी मजिस्टेज्ट नियुक्त

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**डूंगरपुर।** जिलें में 16 मार्च 2026 को माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राजस्थान सरकार की बेणेश्वर धाम साबला में राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य मे आयोजित कार्यक्रम में हेलीकॉप्टर से यात्रा कार्यक्रम प्रस्तावित है। माननीय मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के जिला डूंगरपुर में भ्रमण के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारियों को उनके नाम के सम्मुख अंकित स्थल के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया जाता है। जिला कलक्टर अंकित कुमार सिहं ने बताया कि हैलीपेड स्थल बेणेश्वर धाम साबला में तहसीलदार झौथरीपाल नितेश पंचौली मो.नं. 7976694394, वाल्मिकी मंदि परिसर बेणेश्वर धाम साबला मे तहसीलदार सागवाडा रमेशचन्द्र वडेरा मो.नं. 9829438912, हरि मंदि परिसर बेणेश्वर धाम साबला में उपखण्ड मजिस्टेज्ट आसपुर बाबुलाल जाट मो.नं. 9664045805, कार्यक्रम स्थल (बेणेश्वर धाम हरि मंदिर के पास) साबला -सम्पूर्ण परिसर उपखण्ड मजिस्टेज्ट साबला अभिलाषा मो.नं. 8003500860, पार्किंग स्थल साबला रोड (बेणेश्वर धाम) साबला उपखण्ड मजिस्टेज्ट गलियाकोट संजय चरपोटा मो.नं. 9414684050, पार्किंग स्थल निठाउवा रोड (बेणेश्वर धाम) साबला उपखण्ड मजिस्टेज्ट चिखली महावीर प्रसाद मो.नं. 9636770650 को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। उन्होंनें बताया कि माननीय मुख्यमंत्री की सम्पूर्ण यात्रा के दौरान समकक्ष वरिष्ठ पुलिस अधिकारीयों एवं अन्य सभी सम्बद्ध विभागों से आपसी समन्वय बनाये रखते हुए अपने नियुक्ति क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था की स्थिति पर पूर्ण निगरानी एवं सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का जिम्मेदारी से निर्वहन करना सुनिश्चित करेंगे। किसी भी महत्वपूर्ण घटना की सूचना जिला कलक्टर एवं उच्च अधिकारियों को देते हुए आवश्यक कार्यवाही सम्पादित करेंगे।

## घबराएं नहीं, अफवाहों से बचें, घरेलू गैस की कोई कमी नहीं

## डिजिटल माध्यमों से करें बुकिंग, घर आएगा सिलेंडर, कहीं जाने की आवश्यकता नहीं

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**राजसमंद।** वर्तमान वैश्विक परिदृश्य के मध्यनजर जिले में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति को लेकर प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि घबराहट में अनावश्यक बुकिंग या अतिरिक्त सिलेंडर संग्रह न करें। प्रशासन और तेल विपणन कंपनियां मिलकर उपभोक्ताओं को नियमित रूप से एलपीजी उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं।

जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा के नेतृत्व में जिला प्रशासन सुनिश्चित कर रहा है कि घरेलू उपभोक्ताओं को कोई परेशानी न हो।

जिला रसद अधिकारी विजय सिंह ने बताया कि एलपीजी सिलेंडर बुकिंग के लिए कई डिजिटल माध्यम उपलब्ध हैं। उपभोक्ता मिस्ड कॉल, आईवीआरएस, व्हाट्सएप, मोबाइल एप तथा ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आसानी से बुकिंग कर सकते हैं। इंडियन ऑयल के उपभोक्ता Indian Oil App, भारत गैस के उपभोक्ता Hello BPCL App तथा एचपी गैस के उपभोक्ता HP Pay HP Gas अस्त्रस्त्र के माध्यम से अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर से लॉग-इन कर बुकिंग कर सकते हैं। इसके अलावा पोर्टल के माध्यम से भी बुकिंग की सुविधा उपलब्ध है।

उपभोक्ता मिस्ड कॉल के माध्यम से 8454955555, 7710955555 और 9493602222 नंबर पर तथा आईवीआरएस के माध्यम से 7718955555, 7715012345 और 8888823456 नंबर पर बुकिंग कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त व्हाट्सएप नंबर 7588888824, 1800224344 और 9222201122 पर भी बुकिंग की सुविधा उपलब्ध है।




डीएसओ ने बताया कि यदि किसी उपभोक्ता का मोबाइल नंबर पंजीकृत नहीं है तो वह व्हाट्सएप नंबर 7588888824 पर भेजकर आसानी से अपना मोबाइल नंबर पंजीकृत कर सकता है। इसके लिए उपभोक्ता को 16 अंकों का एलपीजी आईडी तथा आधार कार्ड के अंतिम चार अंक दर्ज करने होते हैं। इस प्रक्रिया के माध्यम से मोबाइल नंबर पंजीकरण या परिवर्तन किया जा सकता है। यदि उपभोक्ता ने सिलेंडर बुक किया है लेकिन डिलीवरी प्राप्त नहीं हुई है, तो वह संबंधित मोबाइल एप पर बुकिंग की स्थिति ट्रैक कर सकता है और आवश्यकता होने पर ऐप के माध्यम से शिकायत दर्ज करा सकता है। सिलेंडर की डिलीवरी के समय ओटीपी आधारित डीएसी कोड प्रणाली लागू है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि सिलेंडर वास्तविक उपभोक्ता को ही प्राप्त हो। वर्तमान व्यवस्था के अनुसार एक बुकिंग के बाद अगली बुकिंग कम से कम 25 दिन बाद ही की जा सकेगी। यह व्यवस्था सभी उपभोक्ताओं को समान रूप से एलपीजी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लागू की गई है। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि एलपीजी से संबंधित जानकारी केवल राज्य सरकार, तेल विपणन कंपनियों या अधिकृत गैस वितरकों के आधिकारिक स्त्रोतों से ही प्राप्त करें तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें।

## औदिच्य समाज की महिलाओं ने 10 गांठ लगाकर पहना दशामाता का धागा, सुहागिनों ने की पूजा-अर्चना, पति के लिए मांगी लंबी उम्र

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** शहर के पुरोहितों की मादड़ी स्थित दुदाजी का देवरा मंदिर के पास हुनमान मंदिर में शुक्रवार को औदिच्य समाज की महिलाओं ने दशामाता का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने सुबह से सज-धजकर पीपल वृक्ष के नीचे दशामाता की पूजा-अर्चना की और 10 गांठ वाला धागा गले में पहनकर पति की लंबी उम्र व परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। पूजन के बाद महिलाओं ने माता की कथा सुनकर घर-परिवार की दशा सुधारने की प्रार्थना की।





### पीपल वृक्ष के नीचे हुआ विधि-विधान से पूजन

क्षेत्रवासी दिव्या डूंगावत ने बताया कि दशामाता पर्व के अवसर पर शहर के मंदिरों और पीपल वृक्षों के आसपास सुबह से ही महिलाओं की भीड़ दिखाई दी। महिलाएं सुहाग का प्रतीक चुंदड़ी की साड़ी पहनकर और पारंपरिक श्रृंगार के साथ पूजन स्थलों पर पहुंचीं। पीपल के पेड़ की पूजा कर कुमकुम और मेहंदी अर्पित की गई। इसके साथ ही आटे से बने आभूषण, दही का औलिया, मिठाइयां, पूरी-सब्जी सहित अन्य प्रसाद चढ़ाकर विधि-विधान से माता का पूजन किया गया।

### 10 गांठ वाला धागा पहन मांगी अखंड सौभाग्य की कामना

क्षेत्रवासी दीपिका व्यास ने बताया कि पूजन के दौरान महिलाओं ने दशामाता का विशेष धागा तैयार कर उसमें 10 गांठें लगाईं। इसके बाद इस धागे को गले में पहनकर पति की लंबी उम्र और अखंड सौभाग्य की कामना की। मान्यता है कि इस दिन श्रद्धा से पूजा करने और धागा धारण करने से घर-परिवार में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है।

### कथा श्रवण का भी रहा विशेष महत्व

क्षेत्रवासी खुशबू गोन्दावत ने बताया कि पूजन के बाद महिलाओं ने सामूहिक रूप से दशा माता की कथाएं सुनीं। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन माता की दस कथाएं सुनने का विशेष महत्व होता है। कथाओं के माध्यम से महिलाओं ने परिवार की खुशहाली, शांति और समृद्धि की प्रार्थना की।

### व्रत रखकर मनाया जाता है पर्व

क्षेत्रवासी द्रोपदी गोन्दावत ने बताया कि दशामाता का पर्व सुहागिन महिलाएं बड़े उत्साह के साथ मनाती हैं। इस दिन महिलाएं सुबह से शाम तक व्रत रखकर पूजा-अर्चना करती हैं और परिवार की दशा सुधारने तथा पति की दीघार्यु की कामना करती हैं। शहर के विभिन्न मंदिरों और मोहल्लों में दिनभर धार्मिक माहौल बना रहा और महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पर्व मनाया।

## टैक्स जमा नहीं कराने वाले वाहनों की धरपकड़ के लिए चलेगा अभियान

**भीलवाड़ा @ पदमावत मीडिया।** भार वाहनों का टैक्स जमा कराने की अंतिम तिथि 15 मार्च है। इसके बाद परिवहन एंव सड़क सुरक्षा विभाग की ओर से वाहनों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए प्रमुख मार्गों पर 24 घण्टें चैकिंग के लिए उड़नदस्तों को नियुक्त कर सघन जांच अभियान चलाया जायेगा। जिला परिवहन अधिकारी रामकृष्ण चौधरी ने बताया कि जांच के दौरान कर जमा नहीं कराने वाले वाहनों को जब्त किया जायेगा। वाहनों को जब्त किये जाने के पश्चात वाहन का देय कर मय शास्ती जो वाहन के कर के बराबर हो सकती है वसूल किया जायेगा। सभी भार वाहन स्वामियों को सूचित किया जा रहा हैं कि वाहन पर देय कर को 15 मार्च से पूर्व जमा करा देवे, जिससे वाहनों के विरूद्ध राज्य में चलाये जा रहे जांच अभियान में किसी प्रकार की असुविधा ना हो। विभाग द्वारा बकाया वाहनों को चिन्हित किया गया है। बकाया वाहन स्वामियों को कार्यालय द्वारा पूर्व में नोटिस जारी कर अवगत कराया गया था। अब ऐसे वाहनों के पंजीयन प्रमाण निलम्बन की कार्यवाही प्रस्तावित की जा रही हैं।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक : **पवन मॉगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय** : गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाईन प्रकाशित। **मो. नं.** : +91-95945-42679
e-mail :- padmavatmedia@gmail.com / Web : padmavatmedia.in (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रूप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।